सूर्योदय : 06.26 बजे
सूर्यास्त : 05.34 बजे
मंगलवार, 14 मार्च 2023
वर्ष-3-अंक 95
मूल्य 2 पृष्ठ 8
e-mail: aknewstv2@gmail.com
RNI TITLE CODE : UPHIN49345

हिन्दी दैनिक
# अमर ख्याल
जुनून सच का
(महमूदाबाद) सीतापुर से प्रकाशित



## ऑस्कर में भारत को पहली बार दो अवॉर्ड

### नाटू-नाटू को बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग, द एलिफेंट व्हिस्परर्स बेस्ट शॉर्ट डॉक्युमेंट्री

एजेंसी ■ लॉस एंजिलिस



95वीं ऑस्कर सेरेमनी में पहली बार भारत को पहली बार दो अवॉर्ड मिले हैं। फिल्म आरआरआर के गाने नाटू-नाटू ने बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग का अवॉर्ड जीता। वहीं, द एलिफेंट व्हिस्परर्स बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म बनी। हालांकि, डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म ऑल दैट ब्रीथ्स रेस से बाहर हो गई है। ऑस्कर अवॉर्ड में इन तीन कैटेगरी में भारत को नॉमिनेशन मिला था। नाटू-नाटू को इससे पहले गोल्डन ग्लोब्स अवॉर्ड में बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग का खिताब मिला था। ऑस्कर सेरेमनी में नाटू-नाटू गाना लिखने वाले चंद्रबोस और कंपोजर एमएम कीरवानी ने ट्रॉफी ली। इस दौरान फिल्म के डायरेक्टर राजामौली पीछे बैठे रहे। आरआरआर का तेलुगु मीनिंग रौद्रम रानम रुधिरम और हिंदी में राइज रोर रिवोल्ट है।बेस्ट शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री चुनी गई द एलिफेंट व्हिस्परर्स की डायरेक्टर कार्तिकी गोंजाल्विस और प्रोड्यूसर गुनीत मोंगा ने अवॉर्ड लिया। ऑस्कर सेरेमनी की शुरुआत भारतीय समय के मुताबिक सोमवार सुबह साढ़े 5 बजे अमेरिका में हुई थी। तेलुगु गीत नाटु नाटु ने अकादमी पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ मूल गीत की श्रेणी में ऑस्कर जीत कर इतिहास रच दिया है।

#### प्रधानमंत्री ने कहा, भारत खुश और गौरवान्वित

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को भारतीय फिल्म आरआरआर के गीत नाटु नाटु के सर्वश्रेष्ठ मूल (ओरिजनल) गीत की श्रेणी में ऑस्कर अवॉर्ड जीतने पर इसकी पूरी टीम को बधाई दी और कहा कि पूरा देश आज गौरवान्वित महसूस कर रहा है। मोदी ने एक ट्वीट में कहा, असाधारण, नाटु नाटु की लोकप्रियता वैश्विक है। यह एक ऐसा गीत होगा जिसे आने वाले कई वर्षों तक याद रखा जाएगा। इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए एम एम कीरावानी, चंद्र बोस और पूरी टीम को बधाई। भारत खुश और गौरवान्वित है।

## लोकतंत्र को लेकर राहुल की टिप्पणी पर लोस में हंगामा

एजेंसी ■ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा भारत के लोकतंत्र के बारे में लंदन में दिए गए बयान को लेकर में लोकसभा में सोमवार को भारी हंगामा हुआ। सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के शोर शराबे के कारण सदन की बैठक एक बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित करनी पड़ी। सत्ता पक्ष के सदस्यों ने लोकसभा अध्यक्ष से मांग की कि वे कांग्रेस सांसद को सदन में आकर क्षमा याचना के लिए निर्देश दें। संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार को शुरू हुआ। पूर्वाह्न 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा चार पूर्व सदस्यों ब्रजेन्द्र पाल सिंह, आनंद रत्न मौर्या, सिद्धेश्वर प्रसाद और जे जमुना के निधन का उल्लेख किया और सदस्यों ने कुछ पल मौन रहकर दिवंगत सदस्यों के प्रति शोक प्रकट किया। इसके बाद भाजपा के कई सांसद राहुल गांधी माफी मांगो के नारे लगाने लगे। वहीं, कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों के सदस्य आसन के समीप आकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। भाजपा सदस्य, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा लंदन में की गई टिप्पणियों के मुद्दे को उठा रहे थे जबकि विपक्षी दल अडाणी समूह के मामले की जेपीसी की मांग कर रहे थे।



### चौधरी ने बिरला से राजनाथ और जोशी की टिप्पणियां कार्यवाही से हटाने का आग्रह किया

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नेता अधीर रंजन चौधरी ने सोमवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से आग्रह किया कि राहुल गांधी के एक बयान को लेकर सदन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी द्वारा की गई टिप्पणियों को कार्यवाही से हटाया जाए। बिरला को लिखे पत्र में लोकसभा में कांग्रेस के नेता चौधरी ने कहा कि प्रश्नकाल के दौरान रक्षा मंत्री ने राहुल गांधी के बयान को लेकर कुछ टिप्पणियां कीं। उनका कहना था, संसदीय कार्य मंत्री ने भी इस विषय पर कुछ टिप्पणियां कीं। संसदीय कार्य मंत्री द्वारा की गई टिप्पणियां ठीक नहीं थीं और ए असंसदीय थीं।
चौधरी ने नियम 352 का हवाला दिया जिसके मुताबिक, कोई सदस्य बोलते समय सदन के किसी अन्य सदस्य की नीयत पर आरोप लगाकर व्यक्तिगत संदर्भ नहीं देगा।

### कांग्रेस का सरकार पर पलटवार: लोकतंत्र को कुचलने वाले इसे बचाने की बात करते हैं

कांग्रेस ने राहुल गांधी द्वारा ब्रिटेन में दिए गए एक बयान को लेकर सत्तापक्ष के प्रहार पर पलटवार करते हुए सोमवार को कहा कि जो लोग भारतीय लोकतंत्र को कुचल रहे हैं वह इसे बचाने की बात कर रहे हैं ।पार्टी अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा और सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि उल्टा चोर कोतवाल को डांटे की कहावत इन पर फिट बैठती है ।उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष एकजुट है और अडाणी समूह के मामले की जांच के लिए जेपीसी गठित करने की उनकी मांग जारी रहेगी। खरगे ने राज्यसभा में हुए हंगामे का उल्लेख करते हुए कहा, राहुल गांधी दूसरे सदन के सदस्य हैं और पीयूष गोयल जी ने उनके भाषण को अपने ढंग से पेश किया। सदन में आज पीयूष गोयल जी ने जिस अभद्र भाषा का इस्तेमाल दूसरे सदन के एक सदस्य के लिए किया, वह अनुचित है।

## उच्चतम न्यायालय ने अंकिता भंडारी हत्याकांड की जांच पर स्थिति रिपोर्ट तलब की



एजेंसी ■ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने उत्तराखंड के चर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले में सोमवार को प्रदेश सरकार से कहा कि वह जांच को लेकर स्थिति रिपोर्ट दायर करे।
न्यायमूर्ति के एम जोसेफ और न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना की पीठ ने एक पत्रकार और अंकिता के परिवार की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए उप महाधिवक्ता जतिंदर कुमार सेठी से कहा कि अब तक हुई जांच पर स्थिति रिपोर्ट दायर की जाए।
याचिका में आग्रह किया गया है कि इस मामले की सीबीआई जांच कराई जाए।
सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं के वकील ने जांच के तरीके को लेकर कई सवाल खड़े किए और दावा किया कि राज्य पुलिस द्वारा की गई जांच में कई खामियां हैं।
सेठी ने कहा कि इस तरह की याचिकाओं से राज्य पुलिस का हौसला टूटता है, जबकि उसने अच्छा काम किया है।
गौरतलब है कि ऋषिकेश के निकट वनंतरा रिजॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट के रूप में काम करने वाली अंकिता भंडारी की उसके मालिक पुलकित आर्य और उसके दो साथियों ने कथित तौर पर हत्या कर दी थी।
आरोपी जेल में हैं और मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने इनके खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल कर दिया है।

## भाजपा ने विस्थापित कश्मीरी पंडितों से मतदाता सूची में नाम शामिल करने को कहा

**जम्मू।** भाजपा की जम्मू-कश्मीर इकाई ने प्रवासी कश्मीरी पंडितों से सोमवार को अपील की कि वे सुनिश्चित करें कि घाटी में उनके संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची में उनके नाम शामिल हों। भाजपा प्रवक्ता गिरधारी लाल रैना ने निर्वाचन आयोग से विस्थापित मतदाताओं के नाम मतदान सूची से नहीं हटाने का आग्रह किया। रैना खुद भी प्रवासी कश्मीरी पंडित हैं। मतदान केंद्र सशक्तीकरण अभियान के दौरान, हमारे संज्ञान में आया है कि विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान केंद्र स्तर के अधिकारी विस्थापित समुदाय के मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं।

## समलैंगिक विवाह मान्यता की याचिकाओं को अदालत ने संविधान पीठ के पास भेजा

■ नई दिल्ली



उच्चतम न्यायालय ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता दिए जाने के अनुरोध वाली याचिकाओं को सोमवार को पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ के पास भेज दिया और कहा कि यह मुद्दा बुनियादी महत्व का है। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला की पीठ ने कहा कि यह मुद्दा एक ओर संवैधानिक अधिकारों और दूसरी ओर विशेष विवाह अधिनियम सहित विशेष विधाई अधिनियमों से संबंधित है, जिसका एक-दूसरे पर प्रभाव है।
पीठ ने कहा, हमारी राय है कि यदि उठाए गए मुद्दों को संविधान के अनुच्छेद 145 (3) के संबंध में पांच न्यायाधीशों की पीठ द्वारा हल किया जाता है, तो यह उचित होगा। इस प्रकार, हम मामले को पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ के समक्ष भेजने का निर्देश देते हैं। उच्चतम न्यायालय ने मामले को 18 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया और कहा कि पांच न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष सुनवाई का सीधा प्रसारण (लाइव-स्ट्रीम) किया जाएगा, जैसा कि संविधान पीठ के समक्ष पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान किया जाता रहा है।केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायालय से आग्रह किया कि समलैंगिक विवाह के मुद्दे पर दोनों पक्षों की दलीलों में कटौती नहीं की जाए, क्योंकि इस फैसले का पूरे समाज पर प्रभाव पड़ेगा।समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने के अनुरोध वाली याचिकाओं का केंद्र ने उच्चतम न्यायालय के समक्ष विरोध किया है। उसने दावा किया है कि वे (समलैंगिक विवाह को मान्यता देना) पर्सनल लॉ और स्वीकृत सामाजिक मूल्यों के बीच नाजुक संतुलन के पूर्ण विनाश का कारण बनेंगे।

## *अजान के लिए लाउडस्पीकर से लोग परेशान : ईश्वरप्पा*

**मंगलुरु।** भाजपा के वरिष्ठ नेता के. एस. ईश्वरप्पा ने सोमवार को कहा कि अजान के लिए इस्तेमाल होने वाले लाउडस्पीकर लोगों को परेशान करते हैं, खासकर परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों और अस्पताल में मरीजों को। वह रविवार को शांतिनगर में पार्टी की विजय संकल्प यात्रा के दौरान की गई अजान पर अपनी टिप्पणियों के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे, जो सोशल मीडिया पर आई थी। पूर्व मंत्री ने एक रैली में पूछा, क्या अल्लाह तभी सुनेंगे जब लाउडस्पीकर के माध्यम से दुआ की जाएगी? ईश्वरप्पा ने यहां संवाददाताओं से कहा, मैंने अपने बयान से किसी धर्म का अपमान नहीं किया है।

## अडाणी समूह की कंपनियों के खिलाफ आरोपों की जांच कर रहा है सेबी : सरकार

■ नई दिल्ली

सरकार ने सोमवार को लोकसभा को बताया कि अडाणी समूह के खिलाफ हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच के लिए किसी समिति का गठन नहीं किया गया है, लेकिन भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) बाजार से संबंधित आरोपों की जांच कर रहा है। सरकार ने यह भी कहा कि हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के बाद अडाणी समूह का हिस्सा बनने वाली नौ सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में लगभग 60 प्रतिशत की गिरावट देखी गई लेकिन इन कंपनियों के शेयरों में उतार चढ़ाव का



प्रणालीगत स्तर पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं पड़ा है। लोकसभा में एन के प्रेमचंद्रन के प्रश्न के लिखित उत्तर में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने यह बात कही। सदस्य ने पूछा था कि क्या सरकार ने देश के कारपोरेट क्षेत्र में हिंडनबर्ग रिपोर्ट के प्रभाव का विश्लेषण किया है और क्या उक्त रिपोर्ट के प्रभाव के संबंध में कोई जांचाअध्ययन कराने का उसका कोई विचार है। चौधरी ने कहा कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) को प्रतिभूति बाजारों के वैधानिक नियामक के रूप में निवेशकों के संरक्षण सहित प्रतिभूति बाजारों के स्थिर संचालन और विकास को प्रभावित करने के लिए नियामक ढांचे को लागू करने का आदेश प्राप्त है।
वित्त राज्य मंत्री ने कहा कि इसके अनुसार सेबी, किसी भी बाजार इकाई द्वारा अपने विनियमों के कथित उल्लंघन की जांच करता है। इसी के अनुरूप, यह अडाणी ग्रुप ऑफ कंपनीज के खिलाफ बाजार के आरोपों की जांच कर रहा है।

### जरा हट के... बग्गा




## पाक घरेलू मुद्दों से ध्यान बंटाने के लिए भारत के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहा : एमईए

एजेंसी ■ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक रिपोर्ट में कहा कि पाकिस्तान प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद में कोई कमी नहीं आई है तथा इस्लामाबाद ने 26 नवंबर (2008) के मुंबई आतंकवादी हमले के पीड़ितों के परिवारों को न्याय दिलाने के मामले में अभी तक कोई गंभीरता नहीं दिखाई है। मंत्रालय ने 2022 की अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि भारत को बदनाम करने और अपनी घरेलू राजनीतिक एवं आर्थिक विफलताओं से ध्यान बंटाने के लिए पाकिस्तान शत्रुतापूर्ण एवं मनगढ़ंत दुष्प्रचार को जारी रखे हुए है। भारत की मंशा पाकिस्तान के साथ सामान्य पड़ोसी वाले संबंध रखने की है तथा नई दिल्ली का यह सतत रुख रहा है कि यदि कोई मुद्दा है, तो उसका समाधान आतंकवाद एवं हिंसा से मुक्त माहौल में शांतिपूर्ण एवं द्विपक्षीय आधार पर निकाला जाना चाहिए। भारत ने उन समस्त मामलों पर पाकिस्तान की सभी कार्वाई और बयानों को पूरी तरह से खारिज किया है, जिनका संबंध भारत के अंदरूनी मामलों से है। उसने यह भी कहा कि विभिन्न देशों के बीच इस बात को लेकर व्यापक समझ है कि जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है ।

## ईडी ने बहनों के आभूषण उतरवाकर उन्हें बरामदगी के तौर पर दिखाया : तेजस्वी

■ पटना

बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने सोमवार को आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले सप्ताह उनके दिल्ली स्थित आवास पर आधे घंटे में छापेमारी खत्म कर दी थी, लेकिन वे ऊपर से आदेश मिलने की प्रतीक्षा करते हुए घर में ही रुके रहे। यादव ने राज्य की विधानसभा के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए अपराध से अर्जित 600 करोड़ रुपए के बारे में पता चलने के ईडी के दावे को भी खारिज कर दिया। उन्होंने



आरोप लगाया कि उनकी विवाहित बहनों और उनके ससुराल वालों के इस्तेमाल किए हुए आभूषणों की तस्वीरें लेकर उन्हें बरामदगी के तौर पर दिखाया गया। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता चुटकी लेते हुए कहा, चाहे गृह मंत्री अमित शाह हों या कोई और, इन एजेंसियों की एक ही पटकथा बार-बार दोहराने वाले निर्देशक को अब बदल दिया जाना चाहिए।
उन्होंने कहा, हम भाजपा-संघ के फर्जी एंटायर पॉलिटिकल साइंस वाले नहीं, बल्कि वास्तविक जन विज्ञान वाले समाजवादी लोग हैं। हम वास्तविक राजनीति करने वाले हैं, और इसके लिए हमारे पास दृढ़ विश्वास व जनता का समर्थन है। लेकिन वे डरे हुए हैं, और राजनीतिक लड़ाई से दूर भागने की कोशिश कर रहे हैं।

## कैदियों को कश्मीर से बाहर की जेल में भेजना राष्ट्रीय सुरक्षा का मसला : केंद्र

एजेंसी ■ नई दिल्ली

केंद्र ने उच्चतम न्यायालय से सोमवार को कहा कि जम्मू कश्मीर में जन सुरक्षा कानून (पीएसए) के तहत हिरासत में लिए गए 20 से अधिक लोगों को केंद्र शासित प्रदेश से बाहर के कारागारों में स्थानांतरित करने के मामलों में वास्तविक राष्ट्रीय सुरक्षा का पहलू शामिल है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ श्रीनगर निवासी राजा बेगम और तीन अन्य लोगों द्वारा वकील सत्य मित्रा के माध्यम से दायर उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कैदियों को उस कानून के प्रावधानों के कथित उल्लंघन में केंद्रशासित प्रदेश से बाहर के कारागारों में स्थानांतरित किए जाने को चुनौती दी गई थी जिसके तहत उन्हें हिरासत में लिया गया था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायालय से कहा, हम निर्देश लेंगे लेकिन ए वास्तविक राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे हैं। यह मात्र दो लोगों के बीच संचार जितना सरल नहीं है। श्रीनगर के राजा बेगम के पुत्र आरिफ अहमद शेख को उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित केंद्रीय कारागार में स्थानांतरित किया गया है।

## संसदीय समिति ने रेल यात्रा में वरिष्ठ नागरिकों को छूट बहाल करने पर विचार करने का आग्रह किया

एजेंसी ■ नई दिल्ली

संसद की एक समिति ने ट्रेन यात्रा के दौरान वरिष्ठ नागरिकों को दी जाने वाली छूट बहाल करने पर रेल मंत्रालय से सहानुभूतिपूर्वक विचार करने और शयनयान श्रेणी और 3ए श्रेणी में वरिष्ठ नागरिकों को रियायत पुनः प्रारंभ करने का आग्रह किया है। भारतीय जनता पार्टी के सांसद राधा मोहन सिंह की अध्यक्षता वाली रेल मंत्रालय संबंधी संसद की स्थाई समिति की रिपोर्ट में यह बात कही गई है। यह रिपोर्ट संसद के दोनों सदनों में



सोमवार को पेश की गई। रिपोर्ट के अनुसार, समिति ने कहा कि भारतीय रेलवे 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के पुरूषों को किराए में 40 प्रतिशत की छूट देता था और महिलाओं के लिए न्यूनतम आयु 58 वर्ष होने पर 50 प्रतिशत की छूट दी जाती थी। ये छूट मेला एक्सप्रेसा राजधानीश ताब्दीादुरंतो समूह की ट्रेनों में सभी वर्गो के लिए दी जाती थी।
इसमें कहा गया है कि मंत्रालय ने वरिष्ठ नागरिक रियायत छोड़े पहल की शुरूआत की और वरिष्ठ नागरिकों को यह विकल्प दिया था कि जो राष्ट्रीय विकास में योगदान देना चाहते हैं, वे छूट के बिना अपना टिकट बुक करा सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, कोविड-19 महामारी के प्रसार को रोकने के लिए 20 मार्च 2020 को वरिष्ठ नागरिकों के लिए छूट का विकल्प वापस ले लिया गया गया।
इसमें कहा गया है कि समिति यह पाती है कि कोविड प्रतिबंध अब समाप्त हो गए हैं और रेलवे ने सामान्य वृद्धि प्राप्त कर ली है।समिति ने कहा कि वह मंत्रालय से आग्रह करती है कि शयनयान श्रेणी और 3ए श्रेणी में वरिष्ठ नागरिकों को दी जाने वाली छूट पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करे और उसे पुनः प्रारंभ किया जाए।

## विदेश मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट : चीन के साथ भारत का संबंध जटिल, एलएसी के कारण तनाव

एजेंसी ■ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय अपनी एक रिपोर्ट में सोमवार को कहा कि चीन के साथ भारत का संबंध जटिल है और अप्रैल-मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर एकतरफा ढंग से यथास्थिति बदलने के चीनी प्रयास के कारण सीमावर्ती क्षेत्रों में अमन एवं शांति को गंभीर रूप से क्षति पहुंची।रिपोर्ट में कहा गया है कि इन प्रयासों का भारतीय सशस्त्र बलों से उपयुक्त प्रतिक्रिया मिली। विदेश मंत्रालय के



वार्षिक रिपोर्ट 2022 में कहा गया है, चीन के साथ भारत का संबंध जटिल है। दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि सीमा से जुड़े विषयों का अंतिम समाधान होने तक द्विपक्षीय संबंधों के सम्पूर्ण विकास का आवश्यक आधार सीमा क्षेत्रों में अमन एवं शांति बनाए रखना होगा। इसमें कहा गया है कि हालांकि अप्रैल-मई 2020 में पश्चिमी सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर एकतरफा ढंग से यथास्थिति बदलने के लिए चीनी पक्ष ने कई प्रयास किए, जिसके कारण सीमावर्ती क्षेत्रों में अमन एवं शांति को गंभीर रूप से क्षति पहुंची और संबंधों का विकास प्रभावित हुआ। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर मुद्दों का समाधान शांतिपूर्ण बातचीत के जरिए करने पर सहमति व्यक्त की है और संघर्ष के सभी बिन्दुओं से पूरी तरह से पीछे हटने और भारत-चीन सीमा पर जल्द अमन एवं शांति कायम करने के लिए चीनी पक्ष के साथ बातचीत जारी है।रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि यथास्थिति बदलने के चीन के एकतरफा प्रयास जारी रखने से इसके पश्चात द्विपक्षीय संबंध प्रभावित हुए हैं।

# आसान नहीं, मोटे अनाज को बढ़ावा देने की राह

**जब से मोटे अनाज का उत्पादन और खपत कम होनी शुरू हुई तब से अब तक हमारी भोजन और खुराक संबंधी आदतें पूरी तरह बदल चुकी हैं। पिछले कुछ दशकों से हम निर्णायक रूप से महीन, प्रसंस्करित, पैकेट बंद और रेडी-टू-कुक भोजन की ओर मुड़ गए हैं। खाद्य-प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा 1960-70 के दशक से मिलना शुरू हुआ था ताकि खाद्यान्न की बर्बादी रोकी जा सके और कृषि उत्पाद का भंडारण लंबे समय तक हो पाए।**

**दिनेश सी शर्मा**

लेखक विज्ञान संबंधी विषयों के स्तंभकार हैं।

संयुक्त राष्ट्र और भारत की केंद्रीय सरकार द्वारा साल 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष घोषित किए जाने के बाद सरकारी एजेंसियों की हरचंद कोशिश रहेगी कि भारत को मोटा अनाज उत्पादन और निर्यात का मुख्य धुरा बनाया जाए। मोटा अनाज मानव के स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए वैसे भी अच्छा होता है और यह तीखे मौसम में भी उगाए जा सकते हैं।तथ्य है कि सदियों से मोटा अनाज भारतीय भोजन का हिस्सा और खुराक रहे हैं। वर्ष 1960 के दशक तक ज्वार, बाजरा और रागी का अंश भारतीयों के भोजन में लगभग एक-चौथाई हुआ करता था। लेकिन हरित क्रांति में धान और गेहूं की फसल को मिली तरजीह के बाद इनका अंश कम होता चला गया।

जब से मोटे अनाज का उत्पादन और खपत कम होनी शुरू हुई तब से अब तक हमारी भोजन और खुराक संबंधी आदतें पूरी तरह बदल चुकी हैं। पिछले कुछ दशकों से हम निर्णायक रूप से महीन, प्रसंस्करित, पैकेट बंद और रेडी-टू-कुक भोजन की ओर मुड़ गए हैं। खाद्य-प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा 1960-70 के दशक से मिलना शुरू हुआ था ताकि खाद्यान्न की बर्बादी रोकी जा सके और कृषि उत्पाद का भंडारण लंबे समय तक हो पाए।

प्रसंस्करित और पैकेट बंद खाद्य पदार्थों की ओर जाना आर्थिक उदारवाद लागू होने के बाद ज्यादा तेजी से हुआ। वर्ष 1991 के बाद, बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने भारत में प्रसंस्करित और अति-प्रसंस्करित खाद्य पदार्थों के अलावा अधिक चीनी युक्त पदार्थ उतारने शुरू किए। इस श्रेणी के खाद्य को जंक फूड यानी कबाड़ भोज कहा जाता है, इन अति-प्रसंस्करित पदार्थों में चीनी, नमक और वसा (सेचुरेटेड और अनसेचुरेटेड) की काफी मात्रा होती है, इनके आने के बाद भारतीयों में मोटापा और असंक्रमित रोगों का इजाफा होने लगा।

ऐसी स्थिति में मोटे अनाज को भोजन का मुख्य हिस्सा बनाना काफी चुनौतीपूर्ण होगा। एक ओर किसानों को मौजूदा गेहूं-चावल वाले मुख्य फसल चक्र से हटकर इसकी पैदावार के लिए प्रेरित करना मुश्किल होगा तो दूसरी तरफ उपभोक्ता को अपनी खानपान आदतें सुधारने के लिए शिक्षित करना पड़ेगा। तिस पर यह डर यह है कि जंक फूड उद्योग अपनी प्रचार ताकत से मोटे अनाज के प्रति लोगों की रुचि पैदा ही न होने दें। जब से विश्व स्वास्थ्य संगठन ने जंक फूड को असंक्रमित रोगों के जोखिम का मुख्य कारक ठहराया है और नई पीढ़ी में जंक फूड के प्रचार-प्रसार को नियंत्रण करने के लिए नीतियां सुझाई हैं, तब से खाद्य कंपनियां अपने उत्पाद को किसी भी हीले-हवाले 'स्वास्थ्यप्रद' और



'प्राकृतिक' बताने का प्रयास करने लगी हैं। इसका रूप हमें मल्टीग्रेन बिस्किट, कम चीनी वाले कोला पेय, आटा, नूडल्स और 'दिल-मित्र खाद्य तेल', फ्रूट जूस इत्यादि में देखने को मिल रहा है और उन्हें घर में बने-उगाए भोजन-सब्जियों-फलों का सही विकल्प बताया जा रहा है। कुछ जंक फूड कंपनियों ने पहले ही हैदराबाद स्थित आईसीएमआर - राष्ट्रीय मोटा अनाज अनुसंधान केंद्र का दरवाज़ा खटखटाना शुरू कर दिया है। जंक फूड कंपनियों द्वारा अपने उत्पाद को स्वास्थ्यप्रद बताने का एक तरीका है पैकेट पर बड़े-बड़े दावे करते हुए मुख्य घटक और मिलाये गए नुकसानदायक अवयवों की जानकारी छिपाना। भारत की खाद्य नियामक संहिता के अनुसार सभी खाद्य पैकेटों पर तयशुदा सारणी के अनुसार 'पौष्टिकता सूचना' लिखना अनिवार्य है, जिसमें मुख्यतः चीनी, वसा, कार्बोहाईड्रेट्स इत्यादि की जानकारी होती है। अब अंतराष्ट्रीय खाद्य नियमन, विश्व स्वास्थ्य संगठन, भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक संस्थान ने प्रस्ताव दिया है कि खाद्य-पैकेट के मुख्य पार्श्व पर पौष्टिकता-अवयव संबंधी लघु जानकारी देने के अलावा पिछले हिस्से पर तफ्सील देना जरूरी किया जाए। कहा जा रहा है कि इससे ग्राहक को अपनी सेहत स्थिति के मुताबिक उत्पाद चुनने में मदद मिलेगी। यह सूचना आसानी से समझ में आने वाले चिन्हों या फिर पंक्ति (जैसा कि उत्पाद शाकाहारी है या गैर-शाकाहारी बताने में किया जाता है) के रूप में हो सकती है। इस बाबत स्वास्थ्य जागरूकता कार्यकर्ताओं का सुझाव है कि यह ट्रैफिक सिग्नल सरीखे चेतावनी चिन्हों का प्रयोग करके हो सकती है वहीं खाद्य कंपनियां हेल्थ स्टार रेटिंग अथवा पौष्टिक स्टार रेटिंग का सुझाव दे रही हैं (जैसा कि विद्युत उपकरणों पर बिजली खपत के बारे में होता है)।

लेकिन स्टार रेटिंग व्यवस्था वास्तव में भ्रामक हो सकती है क्योंकि स्टार का चिन्ह लगते ही, भले ही एक हो या दो, ग्राहक को लगेगा कि खाद्य पदार्थ कुछ तो ठीक है। लोकल सर्कल नामक एजेंसी द्वारा करवाया उपभोक्ता सर्वे बताता है कि 10 में 7 ग्राहक चाहते हैं कि खाद्य-पैकेटों पर सामने की ओर चेतावनी संकेत जैसे कि लाल बिंदु होना चाहिए ताकि शिनाख्त करना आसान हो सके। अब हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय पौष्टिकता संस्थान ने सूचना के विविध तरीकों पर ग्राहकों की राय जानने के लिए अध्ययन करवाया है। इसका निष्कर्ष है कि अगर पौष्टिकता और खतरे संबंधी सूचना का मकसद उपभोक्ता को इनको लेकर चिंताओं के बारे अवगत करवाकर खरीदने या न खरीदने का फैसला करवाना है तो पैकेट के अग्र भाग पर चेतावनी-संकेतक लेबल और पिछले हिस्से पर पौष्टिकता रेटिंग वाली प्रणाली ज्यादा मददगार होगी। किसी खाद्य पदार्थ की सकारात्मता संबंधी कुछ जानकारी उसमें प्रयुक्त फल, सब्जियां, फलियां, मोटे अनाज इत्यादि तो कुछ पौष्टिकता संबंधी तफ्सील से की जा सकती है।

जहां तक स्टार रेटिंग वाले तरीके की बात है, जिसकी वकालत खाद्य कंपनियां और भारतीय खाद्य सुरक्षा नियामक भी कर रहा है... तो अध्ययन बताता है कि दो स्टार होने पर भी (अर्थात्‌ यह उत्पाद उतना स्वास्थ्यप्रद नहीं है) उपभोक्ता को लगेगा है इसमें 'चलो कुछ तो मिलेगा' और वह अन्य उत्पाद खरीदने में कम रुचि लेता है। इसके अलावा स्टार रेटिंग उन नियमों पर आधारित होगी जिनमें हेराफेरी होने और उद्योग द्वारा अपने उत्पाद को किसी भी तरीके से बढ़िया बताने वाली दलीलों से प्रभावित होने की गुंजाइश बनी रहेगी जबकि लेबल आधारित व्यवस्था वास्तविक अवयव बताएगी। किसी उत्पाद, जैसे कि बिस्किट, पास्ता या नूडल्स में सिर्फ थोड़ा से ज्वार या बाजरा मिला देने से उसकी पात्रता 'स्वास्थ्यप्रद' या 'पौष्टिकतापूर्ण' ठप्पा पाने की नहीं बन जाती।

यहां सवाल आता है ग्राहक में पौष्टिकता संबंधी जागरूकता का, राष्ट्रीय पौष्टिकता संस्थान ने अपने अध्ययन में उपभोक्ताओं में इसकी काफी कमी पाई है। इस अध्ययन में शामिल हुए लोगों में अधिकांश का दावा था कि वे पैकेट पर लिखी जानकारी पढ़ते तो हैं लेकिन यह मुख्यतः उत्पादन-तिथि और बेकार-तिथि तक सीमित होती है। हालांकि पैकेट पर उत्पाद शाकाहारी है या गैर-शाकाहारी, इनकी सूचना देना ज्यादा प्रचलन में है। इसलिए ग्राहक को जंक फूड के अस्वस्थकारी पहलू के बारे में सचेत करना है तो चेतावनी पैकेट अग्र-पार्श्व पर संकेत के रूप में होनी चाहिए। रंग आधारित कोड वाला लेबल ग्राहकों को आंशिक स्वास्थ्यप्रद या गैर-स्वास्थ्यप्रद उत्पाद चुनने में हतोत्साहित करेंगे। लेबलिंग किसी भी प्रकार की हो, इसकी सफलता के लिए पहले ग्राहक को राष्ट्रीय प्रचार अभियानों के जरिए जागरूक करना पड़ेगा, वर्ना जंक फूड उद्योग अपनी ताकत और नियामक संस्थान में 'मित्रों' के बूते मोटे अनाज और अन्य स्वास्थ्यप्रद विकल्प अभियान का अपहरण कर लेंगे।

## तीसरी बार ताजपोशी के बाद जिनपिंग की महत्वाकांक्षा

तीसरी बार शी जिनपिंग चीन के राष्ट्रपति बन गए। उनकी निरंकुश सत्ता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उनके मुकाबले कोई अन्य उम्मीदवार नहीं था। उन्हें चीन की संसद और नेशनल पीपुल्स कांग्रेस के करीब तीन हजार सदस्यों ने चुना। शी को केंद्रीय सैन्य आयोग का भी फिर से अध्यक्ष चुन लिया गया है। वे दुनिया की सबसे बड़ी सेना पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के भी अध्यक्ष बने रहेंगे। उल्लेखनीय है कि ताइवान के गर्माए मुद्दे, रूस-यूक्रेन युद्ध, अमेरिका व पश्चिमी देशों के साथ तनावपूर्ण संबंधों और भारत के साथ लद्दाख में उत्पन्न गतिरोध की पृष्ठभूमि में शी जिनपिंग ने चीन में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। चिंता की बात यह है कि चीन सैन्य आधुनिकीकरण के प्रयासों को तेज कर रहा है। उसने इस बार फिर रक्षा बजट में 7.2 फीसदी की वृद्धि की है। इसके बावजूद कि पिछले तीन वर्षों में कोरोना संकट रोकने को लगाये गये सख्त प्रतिबंधों के चलते दुनिया की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था कहे जाने वाले चीन की स्थिति अच्छी नहीं है। चीनी अर्थव्यवस्था उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। ऐसे में आर्थिक पुनरुद्धार व सैन्य महत्वाकांक्षाओं के बीच संतुलन कायम करना शी जिनपिंग के लिये बड़ी चुनौती होगी। बहरहाल, मौजूदा भू-राजनीतिक समीकरणों के मध्य चीन में शी की निरंकुश सत्ता के चलते भारत को सतर्क रहने की जरूरत है। एलएसी पर जिस तरह बड़े संरचनात्मक निर्माण चीन करता रहा है उससे उसकी नीयत को समझना कठिन नहीं है। हालांकि, भारत ने भी इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम संरचनात्मक विकास के लिये उठाये हैं। वहीं हाल ही में अमेरिकी खुफिया एजेंसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन अमेरिकी प्रभाव को कम करने तथा दुनिया में महाशक्ति के रूप में उभरने के लिये अपने साम्राज्यवादी मंसूबों को विस्तार देता रहेगा। दरअसल, शी की मंशा है कि जब वर्ष 2049 में चीन अपनी स्थापना की शताब्दी मनाए तो वह एक महाशक्ति के रूप में उभरे।

*शी जिनपिंग की निरंकुश सत्ता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उनके मुकाबले कोई अन्य उम्मीदवार नहीं था। उन्हें चीन की संसद और नेशनल पीपुल्स कांग्रेस के करीब तीन हजार सदस्यों ने चुना। शी को केंद्रीय सैन्य आयोग का भी फिर से अध्यक्ष चुन लिया गया है। वे दुनिया की सबसे बड़ी सेना पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के भी अध्यक्ष बने रहेंगे।*

## वैदिक विचार

–स्वामी विद्यानंद 'विदेह'

### पञ्चार चक्र

*पञ्चारे चक्रे परिवर्तमाने तस्मिन्ना तस्थुर्भुवनानि विश्वा।*
*तस्य नाक्षस्तप्यते भूरिभारः सनादेव न शीर्यते सनाभिः।*

*ऋ 1.164.13, अ 9.9.11*

परि-वर्तमान का अर्थ है सब ओर वर्तमान, सर्वत्र विद्यमान, सब दिशा-विदिशाओं में फैला हुआ। पञ्चार का अर्थ है पांच अरोंवाला। पांच भूत (आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथिवी) पांच अरे हैं। उस सृष्टिरूप, परिवर्तनमान, पञ्चार चक्र में सारे लोक स्थित हैं। उस सुचक्री का यह ब्रह्मांडरूप सुदर्शन चक्र घूम रहा है, और उस सुदर्शन चक्र में अन्तर्निहित और अंतःस्थित हुए, समस्त लोक-लोकांतर अनायास घूम रहे हैं। यह सुदर्शन चक्र उस सुचक्री का वह सुंदर यंत्र है जिस पर और जिसमें आरूढ़ होकर समस्त लोक और समस्त प्राणी भ्रमण कर रहे हैं, अनवरत घूम रहे हैं। वह सुयंत्री अपनी सर्वव्यापनी, सर्वसंचालिनी शक्ति से अपने यंत्र को घुमा रहा है, और उस यंत्र पर स्थित हुए, ये दृश्य-अदृश्य, समस्त लोक और लोकों में वर्तमान संपूर्ण भूत और संपूर्ण प्राणी स्वयमेव घूम रहे हैं। यंत्र के चलाने वा घुमाने में उसे कोई सेच्छ वा सयत्न प्रयास नहीं करना पड़ रहा है। उसकी सत्ता के मिषमात्र से यह सब अविरामतया घूम रहा है।

## सकारात्मकता

जीवन को आनंदमय है एवं सफल बनाने में सकारात्मकता का बहुत बड़ा योगदान होता है। व्यक्ति जब अपने विचार को सकारात्मकता के साथ लेकर चलता है तो उसे किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होती है। उसकी सभी प्रकार की उलझनों का निराकरण उसे स्वत- ही प्राप्त हो जाता है। सकारात्मकता एक समाधान है और नकारात्मकता एक समस्या। अपनी सोच को व्यापक बनाकर हर प्रकार की परिस्थितियों में संतुलन स्थापित करना जीवन का लक्ष्य बनाना चाहिए। आशावादी व्यक्ति को जीवन में हर प्रसंग एक अवसर के रूप में दिखाई देता है वह हर स्थिति में सम्यक रहना चाहता है। इससे ही उसे जीवन में आनंद की प्राप्त होती है।

**डॉ. विनोद दीक्षित**

## पत्र मिला

### कितना कसेगा शिकंजा?

केंद्र सरकार ने क्रिप्टो करेंसी पर शिकंजा कसने के लिए नए नियम लागू किए हैं। एक गजट अधिसूचना के मुताबिक अब क्रिप्टोकरेंसी को खरीदना-बेचना, रखना और इससे जुड़ी सेवाओं पर एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग कानून लागू होगा। अब क्रिप्टो एक्सचेंजों को वित्तीय खुफिया इकाई भारत (एफआईयू-भारत) को संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देनी होगी। समझा जाता है कि यह कदम क्रिप्टो करेंसी के कारोबार को विनिमियत करने के लिए उठाया गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि क्रिप्टो करेंसी की खरीद- बिक्री से जुड़ी तमाम वित्तीय सेवाओं को अब मनी लॉन्ड्रिंग कानून- 2002 के तहत लाया गया है। अब यह देखने की बात होगी कि इस कदम से क्रिप्टो कारोबार सचमुच कितना विनियमित होता है। क्रिप्टो कारोबार एक नई चीज है, जबकि मनी लॉन्ड्रिंग कानून उस समय की स्थितियों के मुताबिक बना था। इसलिए कुछ विशेषज्ञों ने सवाल उठाया है कि क्या यह कदम सचमुच इस नए कारोबार पर लगाम कस सकेगा। भारत ने अभी तक क्रिप्टोकरेंसी के लिए किसी खास कानून या नियमों को लागू नहीं किया गया है, जबकि भारती रिजर्व बैंक ने कई बार उनके इस्तेमाल के प्रति आगाह किया है। बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने इसी साल जनवरी में कहा था कि क्रिप्टोकरेंसी जुए के बराबर है।

**सनम जैन,फरीदाबाद**

## किसने क्या कहा...



क्रिप्टो करेंसी से जुड़े कई मामलों की जांच कर रही है ईडी : निर्मला सीतारमण



लोकतंत्र को कुचलने वाले इसे बचाने की बात करते हैं, तानाशाह की तरह चल रही है सरकार: मल्लिकार्जुन खरगे



द एलिफेंट व्हिस्परर्स के लिए गुनीत और अर्थ स्पेक्ट्रम को बधाई। ऐसा कर दिखाने का रास्ता हम सभी को दिखाने के लिए धन्यवाद : शाहरूख खान



लोगों के निजी जीवन में हस्तक्षेप नही पर शादी की संस्था नीतिगत विषय :किरेन रीजीजू

## कार्टून...




## सिस्टम का इम्तिहान में फेल होना

**पेपर लीक मामला**

**ऋषभ मिश्रा**

आज देश में कोई भी परीक्षा हो चाहे वो बोर्ड की परीक्षाएं हों या फिर कोई भी प्रतियोगी परीक्षा हो इसमें एक बात तय होती है और वो है 'पेपर का लीक होना'। इन परीक्षाओं की तारीख भले ही बाद में आए, सोशल मीडिया पर लीक पेपर की कॉपियां पहले आ जाती हैं और ये स्थिति किसी एक या दो प्रदेशों की नहीं है बल्कि भारत के अधिकांश राज्यों का यही हाल है। अगर आप गूगल पर पेपर लीक लिखकर सर्च करेंगे तो आपको इससे जुड़ी इतनी सारी खबरें मिल जाएंगी, जिन्हें गिनना भी मुश्किल हो जाएगा। निःसंदेह, सिस्टम परीक्षा कराने के इम्तिहान में खुद बार-बार फेल हो रहा है।कुछ ऐसा ही महाराष्ट के बुलढ़ाना में ये सिस्टम फिर से फेल हो गया। बुलढ़ाना में बारहवीं कक्षा का गणित का पेपर परीक्षा से पहले ही लीक हो गया। वहां पर बोर्ड की परीक्षाएं चल रही थीं और गणित के पेपर के आधे घंटे पहले ही यानी साढ़े दस बजे पेपर की तस्वीर वायरल हो गई। जिसमें पेपर के जो पेज लीक हैं उनका एक बड़ा हिस्सा उस पेपर में हूबहू मिल रहा है जो छात्रों को बांटे गए थे।

मजे की बात तो ये है कि प्रशासन दबी जुबान से पेपर लीक होने की बात तो मान रहा है और जांच कराने की बात भी कर रहा है लेकिन सरकार की नज़र में कोई पेपर लीक ही नहीं हुआ है। जिसके कारण अभी तक इस परीक्षा को रद्द नहीं किया गया है। यहां सवाल ये उठता है कि फिर ये पेपर लीक किसने कराया? क्या ये किसी नक़ल माफिया का काम है या फिर किसी की शरारत। अब इन तमाम मुद्दों की जांच होगी लेकिन पेपर लीक या गड़बड़ी का ये कोई नया मामला नहीं है।

21 फरवरी को बोर्ड परीक्षा के पहले दिन मराठवाड़ा के परभमी में बारहवीं कक्षा के अंग्रेजी विषय का पेपर लीक हो गया था। जिसके बाद छह अध्यापकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। यानी सिस्टम परीक्षा को 'लीकप्रूफ' बनाने का दावा तो करता है लेकिन उसके इस दावे पर न तो छात्रों को यकीन है और न ही सिस्टम को क्योंकि ज्यादातर मामलों में पेपर लीक करने वाले खुद इसी सिस्टम के अंदर 'स्लीपर सेल' की तरह मौजूद रहते हैं। नक़ल माफिया की कठपुतली बन चुके ये स्लीपर सेल जानते हैं कि देश में पेपर लीक के मामले पर कानूनी कार्यवाही से ज्यादा सियासत होती है। बुलढ़ाना के पेपर लीक मामले में भी यही हुआ है। हालांकि सियासत को अलग रखकर देखें तो एक सच्चाई ये भी है कि ये पेपर लीक परीक्षाओं की हकीकत बन चुके हैं। सरकारें आती भी हैं और चली भी जाती हैं लेकिन ये नक़ल माफिया स्थायी हैं और उनकी सत्ता कभी नहीं जाती। इसलिए देश के करोड़ों छात्र जब परीक्षा देने जाते हैं तो उनके मन में परीक्षा से ज्यादा डर इस बात का रहता है कि कहीं पेपर लीक न हो जाए और उनकी सारी मेहनत पर पानी न फिर जाए।

इसके साथ ही आज हमारे देश के हर परिवार में कोई न कोई ऐसा जरूर होता है जो सरकारी नौकरी की परीक्षा के लिए वर्षों तक तैयारी कर रहा होता है। लेकिन एक पेपर लीक होने से इन छात्रों की सारी मेहनत और ईमानदारी पर पानी फिर जाता है और ये छात्र कई वर्ष पीछे चले जाते हैं। कुछ ऐसा ही उत्तराखंड के देहरादून में इस साल देखने को मिला जहां पिछले दो वर्षों में सरकारी भर्तियों को लेकर जितनी भी परीक्षाएं हुई उनमें पेपर लीक और धांधली के गंभीर आरोप लगे। कुछ परीक्षाओं के दौरान तो ऐसा भी हुआ कि जिस एक सरकारी नौकरी के लिए औसतन 175 लोग आवेदन कर रहे हैं उन्हें परीक्षा देने के बाद ये पता चला कि असल में उस परीक्षा का पेपर पहले से ही लीक हो गया था।

लेकिन परिणाम रद्द करना इसका कोई हल नहीं है क्योंकि परिणाम रद्द करने से ये छात्र कई वर्ष पीछे चले गए हैं। बड़ी बात तो ये है कि उस समय तय नियमों के मुताबिक परीक्षा भी हुई और बाद में परिणाम आने के बाद आगे की भर्ती प्रक्रिया भी शुरू हुई। बाद में बहुत सारी शिकायतें मिलने पर सरकार ने इस भर्ती परीक्षा की जांच कराई तब ये पता चला कि इन परीक्षाओं का प्रश्न पत्र तो पहले से ही लीक हो गया और ये पेपर बाजार में बिक रहा था। इससे भी ज्यादा हैरानी की बात तो यह है कि ये प्रश्न पत्र जिस कंपनी के 'प्रिंटिंग प्रेस' से लीक हुआ ये एक प्राइवेट कंपनी है जहां और भी दूसरी परीक्षाओं के प्रश्न पत्र छापे जा चुके थे। हमारे देश में बेईमानी कितनी ज्यादा है इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि ये प्रश्न पत्र इस प्रिंटिंग प्रेस में काम करने वाले एक छोटे से कर्मचारी ने ही लीक किया था जिसके बदले उसको 36 लाख रुपये मिले थे। साथ ही इसमें उन विभागों के सरकारी कर्मचारी भी शामिल थे जिन विभागों में ये भर्तियां निकाली गई थीं।

## उपदेश

प्राणों पर संकट है। वायु में विष है। भारत के आकाश में धुंध है। जीवन पर संकट है। प्राणों में थरथराहट है। वायु प्राण है। वायु में आयु है। पूर्वज वायु को देवता जानते थे। देवता प्रायः प्रत्यक्ष नहीं होते, लेकिन वायु प्रत्यक्ष देव हैं। ऋग्वेद के ऋषि की अनुभूति में वायु प्रत्यक्ष ब्रह्म है। एक मंत्र (1.90.9) में वायु से स्तुति है, 'नमस्ते वायो त्वमेव प्रत्यक्ष ब्रह्मासि, त्वमेव प्रत्यक्षं ब्रह्म वदिष्यामि'। अर्थात वायु को नमस्कार है। आप प्रत्यक्ष ब्रह्म हैं। मैं आपको प्रत्यक्ष ब्रह्म कहता हूं। वायु के प्रति ऐसा आदर-भाव दुनिया की किसी संस्कृति में नहीं मिलता। यह मंत्र-मान्यता महत्वपूर्ण है। यही मंत्र ऋग्वेद, यजुर्वेद, अथर्ववेद व तैत्तिरीय उपनिषद में भी आया है। वायु से जीवन है। जब तक शरीर में वायु तब तक आयु और जीवन। ऋग्वेद (10.16.3) में मृत जीव से प्रार्थना है 'आपकी आखों की ज्योति सूर्य में मिले और प्राण आत्मा वायु में चले जाएं।' वायु प्राण धारक है। वायु दो तरह की होती है। एक हमारे भीतर स्थित हमारे प्राण का आधार है और दूसरी, संपूर्ण सृष्टि में प्रवाहमान ब्रह्म की तरह सर्वत्र व्यापक वायु। यही सर्वत्र व्यापी वायु सभी प्राणियों का प्राण है। कठोपनिषद की कथा में यम ने नचिकेता को बताया था, 'वायुर्थेको भुवनं-प्रविष्टो रूपं रूपं प्रतिरूपो वभूवः - यह वायु सभी भुवनों में प्रविष्ट होकर रूप रूप प्रतिरूप होता है।' यह सभी भूतों का मधुरस भी है। वृहदारण्यक उपनिषद् में कहते हैं 'अयं वायुः सर्वेषां भूतानां मध्वस्य, वायो सर्वोणि भूतानि मधु- यह वायु सभी प्राणियों का मधु है और सभी प्राणी वायु के मधु।'

*वायु में आयु है। पूर्वज वायु को देवता जानते थे। देवता प्रायः प्रत्यक्ष नहीं होते, लेकिन वायु प्रत्यक्ष देव हैं। ऋग्वेद के ऋषि की अनुभूति में वायु प्रत्यक्ष ब्रह्म है। एक मंत्र (1.90.9) में वायु से स्तुति है, 'नमस्ते वायो त्वमेव प्रत्यक्ष ब्रह्मासि, त्वमेव प्रत्यक्षं ब्रह्म वदिष्यामि'। अर्थात वायु को नमस्कार है। आप प्रत्यक्ष ब्रह्म हैं।*

# प्राकृतिक जल संसाधनों को संरक्षित करने वाला विभाग अपने परिसर की ही नहीं कर पा रहा रखवाली

अमर ख्याल । अशोक कुमार



बहराइच। मार्च माह की भीषण तपन तथा पछुआ हवाओं के चलने से जहां लोगों को अत्यधिक पानी की आवश्यकता होती है। ऐसे में ब्लॉक नवाबगंज परिसर में जल संसाधनों की काफी कमी है। एक हैंडपंप के भरोसे आने जाने वाले एवं कर्मचारियों की पेयजल व्यवस्था है। 70 ग्राम पंचायतों वाली नवाबगंज ब्लाक कार्यालय परिसर में देखा जाए तो हजारों लोगों का आना जाना प्रतिदिन लगा रहता है ऐसे में गर्मी के इस मौसम में ब्लॉक परिसर के अंदर लगी हुई पानी की टंकी काफी अरसे से बंद पड़ी है। टंकी के बंद होने से वाटर पाइप के द्वारा जो जलापूर्ति होती थी वह नहीं हो पा रही है। परिसर में लगे हुए दो इंडिया मार्का हैंड पंप में से एक प्रदूषित पानी दे रहा है। एक हैंडपंप के भरोसे लोगों की पेयजल व्यवस्था है।

क्षेत्र के लोगों का कहना है कि प्राकृतिक संसाधनों को संजोने की जिम्मेदारी लेने वाले विकास विभाग के परिसर में बना हुआ कुआं कूड़ा करकट से पटा पड़ा है। जिसे विभाग नजरअंदाज कर रहा है। क्षेत्र के अन्य प्राकृतिक संसाधनों पर कैसे नजर रख पाएंगे। तथा अन्य प्राकृतिक संसाधन कैसे संजोए जाएंगे। सामाजिक कार्यकर्ता पंडित अशोक कुमार पाठक ने बताया की खानापूर्ति करके कुओं के मरम्मत के नाम पर लाखों भले आहरित कर लिए जाते हो लेकिन देखा जाए तो लक्ष्मणपुर गुलाल डीह, करीम गांव,बाबागंज सहित कई गांव में बने हुए का अस्तित्व समाप्त होता दिख रहा है।

# भूमि से संबंधित शिकायत जनसुनवाई पर कर लगाई न्याय की गुहार


जनसुनवाई
समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली, उत्तर प्रदेश

**अमर ख्याल। मसरूर अली पचपेड़वा (बलरामपुर)** पचपेड़वा के अंतर्गत ग्राम जोगिनिया निवासी राजेश कुमार व राकेश सिंह ने मुख्यमंत्री को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया है कि ग्राम के ही रामलाल पुत्र रामगुलाम द्वारा अपने गाटा संख्या 596 का पैमाइश लेखपाल धर्मराज पाल व कानूनगो राम नारायण वर्मा द्वारा निजी रूप से कराई गई है जिसमें लेखपाल द्वारा गलत तरीके से पैमाइश करके गाटा संख्या 596 के पश्चिम में आबादी के जमीन में 50 वर्षों से मेरा कब्जा है उसे गाटा संख्या 596 की जमीन निकाल रहे हैं राजेश कुमार का आरोप है कि लेखपाल और रामलाल का काफी पुराना संबंध भी है जिस कारण लेखपाल द्वारा गलत पैमाइश करके हमें मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है वहीं जब लेखपाल धर्मराज पाल से संपर्क कर जानकारी चाही तो उन्होंने कहा इसकी जानकारी कानूनगो रामनारायण वर्मा से लीजिए जब कानूनगो के नम्बर पर सम्पर्क किया तो उनका नम्बर बन्द मिला।

# दहेज हत्या के मुकदमे मे वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अमर ख्याल । अशोक कुमार



बहराइच। पुलिस अधीक्षक महोदय श्री प्रशान्त वर्मा जनपद बहराइच द्वारा अपराध एवं अपराधियो के रोकथाम व वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध मे चलाये जा रहे अभियान के अनुक्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय (ग्रामीण) डा0 पवित्र मोहन त्रिपाठी व श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय नानपारा श्री राहुल पाण्डेय के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 13.03.2023 को उ0नि0 अश्वनी पाण्डेय मय हमराह पुलिस बल के द्वारा मु0अ0सं0 0063/2023 धारा 498ए,304बी व ३ डीपी एक्ट थाना रुपईडीहा जनपद बहराइच मे वांछित अभियुक्त दुर्गेश गौतम उर्फ घम्मल निवासी निबिया दा0 सहजना थाना रुपईडीहा जनपद बहराइच को रेलवे पटरी के पास रुपईडीहा से समय करीब 10.55 बजे सुबह गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय सदर रवाना किया गया।

# नाबालिक किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**अमर ख्याल। राहुल कुमार**

**रामपुर पटवाई।** शौच के लिए गई नाबालिग किशोरी के साथ गांव के ही युवक ने छेड़छाड़ कर दी किशोरी ने शोर मचाना चालू कर दिया युवक मौका पाकर फरार हो गया था ।किशोरी के परिजन रुद्रपुर फैक्ट्री से काम करके अपने गांव होली मनाने आये थे गांव ही रहने बाला शरीफ पुत्र शहीद किशोरी को बहला-फुसलाकर जबरन गेहूं के खेत में ले था गया जहां युवक ने उसके साथ छेड़छाड़ करना चालू कर दी थी किशोरी जैसे तैसे अपनी जान बचा कर आरोपी के चुंगल से भाग कर घर पहुंची और सारी बात अपने परिजनों को मामला दो संप्रदाय से जुड़ा हुआ है 9 मार्च को रुद्रपुर से अपने गांव होली मनाने आई किशोरी के साथ गांव के ही एक युवक ने गेहूं के खेत में ले गया। उसके नाजुक अंगों के साथ में भी छेड़छाड़ की है। किशोरी अपनी जान बचा कर अपने घर आ गई और सारी बात अपनी मां को बताई मां ने 9 मार्च शाम को ही पटवाई थाने पहुंचकर पटवाई थाने में पहुंचकर थाना प्रभारी हरेंद्र यादव को प्रार्थना पत्र सौंपा पटवाई थाना प्रभारी ने हरेंद्र यादव ने तत्काल मामले को संज्ञान में लेते हुए टीम गठित कर दी और चौथे दिन आरोपी निस्वा लदनऊ वाला मोड से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया

# पुलिस अधीक्षक ने 13 उप निरीक्षकों समेत 29 पुलिस कर्मियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। इनमें दो चौकी इंचार्ज भी शामिल हैं।

अमर ख्याल । अशोक कुमार

बहराइच ।पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए जिले के विभिन्न थानों में तैनात उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया गया है। एसपी ने बताया कि कोतवाली मूर्तिहा में तैनात उप निरीक्षक कमलेंद्र प्रताप सिंह को खैरीघाट, राम गांव में तैनात शैलेंद्र कुमार शर्मा को सुजौली, नवाबगंज के अयोध्या प्रसाद को राम गांव, राम गांव के रविंद्र सिंह तोमर को नवाबगंज, रूपईडीहा के आस मुहम्मद को हरदी, सुभाष चंद्र यादव हरदी को खैरीघाट, राम शंकर यादव खैरीघाट को सुजौली, राम दवन यादव खैरीघाट को कोतवाली नगर, भुवनेश्वर यादव खैरीघाट को जरवल रोड, बौंडी के गोपाल तिवारी को हुजूरपुर, राम गांव के सुनील कुमार सिंह को रिसिया, नवाबगंज के उप निसीक्षक राघवेंद्र सिंह को चौकी इंचार्ज बेदनापुर और विपिन कुमार चौकी इंचार्ज बेडनापुर को कुंडासर का इंचार्ज बनाया गया है। इसके अलावा एसपी ने विभिन्न थानों और पुलिस लाइन में तैनात 16 सिपाहियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है।

# पटवाई पुलिस द्वारा 03 वारंटी गिरफ्तार



**अमर ख्याल। राहुल कुमार**

**रामपुर।** सोमवार को थाना पटवाई पुलिस द्वारा तीन वारन्टी 1.वेदपाल पुत्र उमराव सिंह 2. ऋषिपाल पुत्र उमराव 3. ओमपाल पुत्र उमराव निवासी ग्राम भईया नगला थाना पटवाई, रामपुर को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की गई ।

गिरफ्तार करने वाली टीम

1. उ0नि0 योगेन्द्र सिंह थाना पटवाई रामपुर 2. उ0नि0 जगवीर सिंह थाना पटवाई रामपुर ।3. हे0का0 सीमान्त मलिक थाना पटवाई रामपुर ।4.है0का0 इमरान अली थाना पटवाई रामपुर ।5. इन्द्रप्रकाश थाना पटवाई रामपुर ।

# नव नियुक्त जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार गौतम का किया गया जोरदार स्वागत

## बुलडोजर के नाम भाजपा कर रही है गरीबों का उत्पीड़न : अम्बरीष यादव

अमर ख्याल ।रामसिंह गौतम



गोरखपुर/चौरी चौरा।।चौरी चौरा के समाजवादी पार्टी के नेता अम्बरीष यादव के नेतृत्व में नव नियुक्त जिला अध्यक्ष बृजेश गौतम का फुल मालाओं से लादकर भव्य स्वागत किया गया है। अम्बरीष यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में दलितों का शोषण हो रहा है। समाजवादी पार्टी दलित शोषित वंचित सभी वर्ग को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है भारतीय जनता पार्टी बुलडोजर के नाम पर गरीबों के झोपड़ी उजाड़ने का कार्य कर रही है ।भाजपा सरकार महंगाई बेरोजगारी पर चर्चा नहीं करेगी वह सिर्फ हिंदू मुसलमान जाति द्वंद फैलाकर राजनीति रोटी सेकने का कार्य करेगी समाजवादी पार्टी की सरकार सभी वर्ग के लोगों का विकास चाहती है। अपराधियों के हौसले बुलंद है कार्रवाई के नाम पर बुलडोजर दिखाया जाता है लेकिन है बुलडोजर भाजपा के संबंधित अपराधियों के ऊपर नहीं चलेगा। समाजवादी पार्टी के नेता मनोज कुमार गौतम ने कहा कि भाजपा सरकार में संविधान आरक्षण को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है समाजवादी पार्टी शुरू से ही बाबा साहब के सिद्धांतों पर चलने वाली पार्टी है

समाजवादी पार्टी में ही दलितों का उत्थान है।बृजेश गौतम ने कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया और धन्यवाद दिया और कहा कि सबको साथ लेकर पार्टी को जिम्मेदारी मिली है उसको बखूबी निर्माण करने का प्रयास करूंगा। शैलेश यादव, जितेन्द्र यादव, विपिन यादव,गोलू यादव, राहुल पासवान, विश्वजीत प्रताप, विपिन यादव, अतेंद्र यादव,आत्मा नंद, राकेश यादव, जय सिंह,संदीप गौड़, राहुल भारती, दिनेश कुमार भारती, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# पूर्वांचल आर्य महा सम्मेलन में गुरुकुल का शिलान्यास किए - श्याम मिलन यादव

अमरख्याल । रामसिंह गौतम




गोरखपुर। जिले के बाल खुर्द पहाड़पुर चौरी चौरा मे महर्षि दयानंद सरस्वती की दुसरी जन्मशताब्दी के अवसर पर पूर्वांचल आर्य समाज के द्वारा तीन दिवसीय महासम्मेलन एवं गुरुकुल विद्यापीठ शिलान्यास कार्यक्रम का किया गया आयोजन इस शिलान्यास कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं लगातार तीन बार से ग्राम प्रधान रहे समाज सेवी श्याम मिलन यादव के द्वारा शिलान्यास किया गया शिलान्यास कार्यक्रम पुरे विधि विधान पुजन मंत्रों उच्चारण के साथ किया गया जिसमें देश के कई राज्यों से आये तमाम आर्य विद्वानों ने शिरकत कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई तथा अपने विचारों से कार्यक्रम में आते आर्य श्रद्धालुओं को आर्य समाज क्या है आर्य समाज क्या कर्ता है आर्य समाज का मुख्य उदेश्य क्या है इस संबंध मे पुरे विस्तार पुर्व लोगों को जानकारी दी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंगल मुनि प्रधान जिला आर्य प्रतिनिधि सभा गोरखपुर, ईश्वर चन्द्र आर्य मंत्री, प्रमोद कुमार आर्य, प्रहलाद गुप्ता संरक्षक, श्याम मिलन यादव,योगेन्द्र यादव उर्फ सिकंदर यादव बंसहिया, सुकरन आर्य,सुमंत निषाद आर्य पुर्व ग्राम प्रधान खैराबाद बालकरन आर्य,लौहर चौधरी आर्य, धर्मदेव आर्य,रामसबद आर्य सहित क्षेत्र के तमाम लोग मौजूद रहे।

# 60 वर्ष आयु पूरी कर चुके किसानों को अन्नदाता पेंशन दे सरकार उस्मान

## किसान यूनियन ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन।



**अमर ख़्याल। राहुल कुमार**

**रामपुर।** सोमवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत किसान यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट रामपुर परिसर में एकत्रित हुए और बुजुर्ग किसानों को पैंशन देने फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने किसानों को मुफ्त बिजली कनेक्शन लेने गोवंश पालने वाले किसानों को प्रीति पशु 2000 रुपये आर्थिक सहायता देने डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने की मांग शामिल है इससे पूर्व हुई पंचायत में राष्ट्रीय महासचिव उस्मान अली पाशा ने कहा 60 वर्ष की आयु पूरी कर चुके किसानों को प्रति महीने 10,000 रुपए की पेंशन दी जाए क्योंकि उन्होंने अपना ज्यादातर समय देश का पेट भरने के लिए फसल उगाने में लगा दिया लेकिन जब बूढ़े हुए तो उनको खाने तक के लाले पड़ गए ऐसे में सरकार को चाहिए कि किसानों को भी 10,000 रुपए प्रतिमाह अन्नदाता पेंशन दी जाए उन्होंने आगे कहा सरकार जहां एक और किसानों को मुफ्त बिजली देने की घोषणा कर रही है वही किसानों के ट्यूबवेलों पर मीटर लगवा कर सवालिया निशान लगा रही है उन्होंने कहा अगर बिजली विभाग ने मीटर लगाना बंद नहीं किए तो किसान यूनियन चुप नहीं बैठेगी पूरे प्रदेश में बिजली विभाग के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा प्रदर्शन कर ज्ञापन देने वालों में जिला महासचिव राजू खान जिला प्रचार मंत्री फिरोज खान इरशाद अली पाशा नियाज अहमद विनोद कुमार रागिब खान जमील खान आदि लोग मौजूद रहे।

# रंजीतबोझा गांव में जलसे का हुआ आयोजन



अमर ख्याल ।संवाददाता

रुपईडीहा बहराइच। रंजीतबोझा गांव में मदरसा गौसुल उलूम द्वारा जलसा सिरतुन नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का आयोजन किया गया। जलसा का आगाज कुराने पाक की तिलावत से मदरसे के नाजिम जनाब कारी मोहम्मद मुर्तजा नूरी द्वारा जलसे का आगाज किया गया। मदरसा गौसुल उलूम के बच्चों द्वारा बहुत ही अजीब इंसान मुकालमा और कुराने पाक की तिलावत पेश किया गया। जिनमें बच्चे में पढ़ लिख कर आगे बढ़ने का हौसला बढ़े। इस अवसर पर अल्फाज मुजम्मिल,अबूजर हाशिम, हमजा, जीशान आदि बच्चों के द्वारा मुकालमा पेश किया गया। जनाब हाफिज शराफत साहब विश्ववानी ने नाते नबी पेश किया। हजरत मौलाना वदुद्दीन साहब कासमी हथौरा बांदा, हजरत मौलाना मोहम्मद फारूक साहब रुपईडीहा, हजरत मोहम्मद मौलाना मसीहुद्दीन साहब नानपारा, मौलाना मोहम्मद सलमान साहब गौरियबी ने जलसे में कुरान हदीस बच्चों के तालीम के ताल्लुक से आवाम को बयान पढ़कर सुनाया। जलसे के आखिर में मुल्क की तरक्की और अमन व शांति का पैगाम दिया गया।

# पटवाई पुलिस द्वारा 03 वारंटी गिरफ्तार

**अमर ख्याल। राहुल कुमार**

**रामपुर।** सोमवार को थाना पटवाई पुलिस द्वारा तीन वारन्टी 1.वेदपाल पुत्र उमराव सिंह 2. ऋषिपाल पुत्र उमराव 3. ओमपाल पुत्र उमराव निवासी ग्राम भईया नगला थाना पटवाई, रामपुर को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की गई ।

गिरफ्तार करने वाली टीम

1. उ0नि0 योगेन्द्र सिंह थाना पटवाई रामपुर 2. उ0नि0 जगवीर सिंह थाना पटवाई रामपुर ।3. हे0का0 सीमान्त मलिक थाना पटवाई रामपुर ।

4.है0का0 इमरान अली थाना पटवाई रामपुर ।5. इन्द्रप्रकाश थाना पटवाई रामपुर ।

# सीमांचल पत्रकार संगठन के द्वारा कल एक महत्वपूर्ण बैठक की आहूत

**अमर ख्याल । अशोक कुमार पाठक**

**बहराइच। 14 मार्च को रामप्यारे इंटर कॉलेज बाबागंज मैं एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश एसके मद्धेशिया कार्यकारिणी महामंत्री रविंद्र शर्मा वह तहसील कार्यकारिणी के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे जिसमें संगठन के बारे में मंथन किया जाएगा भ्रष्टाचार को लेकर के नशा को लेकर के समाज में जो है कुरीतियां जो व्याप्त है उस पर चर्चा किया जाएगा**



# शिक्षक महेश कर्णधार का नयी दिशा ने किया सम्मान

## विद्यालय में उत्तम शैक्षिक वातावरण एवं हरियाली हेतु हुआ सम्मान

अमर ख्याल । संजना



कुशीनगर। सोमवार को नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा कसया विकास खंड के दिलीपनगर स्थित प्राथमिक विद्यालय माली टोला के प्रधानाध्यापक महेश कर्णधार को विद्यालय परिसर में उत्तम शैक्षिक वातावरण निर्मित करने एवं सतत पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पित रहने के लिए अंग वस्त्र, पौधा व सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। यह कार्य नयी दिशा सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र के नेतृत्व में महेश जी के जन्मदिन के अवसर पर सम्पन्न हुआ। इसके बाद पौधरोपण संग जन्मोत्सव के क्रम में पौधरोपण हुआ। सम्मान हेतु महेश कर्णधार ने नयी दिशा की धन्यवाद दिया। बताते चले कुछ वर्ष पूर्व जब महेश कर्णधार की नियुक्ति विद्यालय में हुई थी तो यह हरियाली से मीलों दूर था लेकिन आज की तारीख में अन्य शिक्षक साथियों और बच्चों को साथ लेकर महेश कर्णधार ने न सिर्फ परिसर को हरा भरा किया बल्कि उत्तम शैक्षिक वातावरण का निर्माण भी किया। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ प्राथमिक संवर्ग के मंडल अध्यक्ष राजेश शुक्ल ने कहा कि महेश जी बेसिक शिक्षा के गौरव हैं, इनका कार्य अनुकरणीय है। नयी दिशा ने इनका सम्मान कर हम सबको गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर संजय यादव, पूनम रानी, ममता यादव, किस कुमारी सिंह, शैलेश, प्रकाश इत्यादि उपस्थित रहे।

# बसपा संस्थापक की जयंती पर सामाजिक न्याय यात्रा का आयोजन

## पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य होंगे मुख्य अतिथि काशीराम की जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन

अमर ख्याल । राजेश कुमार



मथुरा। बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक मान्यवर कांशीराम की जयंती के अवसर पर मथुरा में विभिन्न कार्यक्रम होंगे जिसमें सामाजिक न्याय यात्रा निकाली जाएगी वही वैचारिक गोष्ठी का भी आयोजन किया जाएगा। सामाजिक न्याय यात्रा के संयोजक रमेश सैनी ने बताया महात्मा ज्योतिराव फुले विकास समिति उत्तर प्रदेश और अखिल भारतीय समता फाउंडेशन के संयुक्त नेतृत्व में राजनीति के महान योद्धा मान्यवर कांशीराम जी की जयंती 15 मार्च को है इस अवसर पर विशाल सामाजिक न्याय यात्रा निकाली जाएगी जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री और रामचरित्र मानस को लेकर चर्चा में आए महान विचारक स्वामी प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि होंगे इसके अलावा भारी संख्या में दलित पिछड़े और अल्पसंख्यक समुदाय के लोग इस सामाजिक न्याय यात्रा में भाग लेंगे दलित चिंतक और राष्ट्रीय कवि नेत्रपाल सिंह बृजवासी ने बताया मान्यवर कांशीराम जी की जयंती के उपलक्ष में राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बुद्धिस्ट छात्रावास पर वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है जिसमें दलित राजनीति और उसमें युवाओं के महत्व पर परिचर्चा होगी इस कार्यक्रम में पूर्व अधिकारी व बुद्धिजीवी वर्ग के द्वारा पर चर्चा में भाग लिया जाएगा।

# अवैध निर्माण पर मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के अधिकारी बने मूकदर्शक

अमर ख्याल । राजेश कुमार



मथुरा। शहर में नक्शा स्वीकृत कराए बगैर व्यवसायिक और आवासीय निर्माण कार्य धड़ल्ले से चल रहे हैं जिनको मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण अवर अभियंताओं का संरक्षण प्राप्त है इससे जहां नियम और कानूनों की धज्जियां उड़ाई जा रही वहीं सरकार को राजस्व की हानि हो रही है। जानकारी के अनुसार मथुरा वृंदावन मार्ग पर स्थित जयसिंह पुरा में मुख्य मार्ग पर एक व्यवसायिक मॉल का निर्माण कार्य चल रहा है बताया जाता है भवन स्वामी के द्वारा किसी तरह का कोई मानचित्र मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण से स्वीकृत नहीं कराया गया है इस बहुमंजिला व्यवसाय मॉल को बनाने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग सिंचाई विभाग और फायर ब्रिगेड से भी किसी प्रकार का अनापत्ति प्रमाण पत्र भी नहीं लिया गया है कई बार इस निमार्णाधीन भवन में क्षेत्रीय अवर अभियंता मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण को भवन स्वामी के साथ बैठकर स्वल्पाहार करते हुए भी स्थानीय लोगों ने देखा है वही चर्चा है कि इस भवन का जो निर्माण करा रहा है उसकी राजनीतिक पकड़ बहुत मजबूत है यही कारण है सभी विभागों के अधिकारी अपनी अनैतिक छुदा पूर्ति कर मूकदर्शक बने हुए हैं इस संबंध में सभी विभागों से चार कदम आगे नगर निगम भी है नगर निगम के द्वारा भी इस अवैध निर्माण पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है अवैध निर्माण के संबंध में सचिव विकास प्राधिकरण मथुरा वृंदावन से जानकारी करने का प्रयास किया तो उनसे ना तो मुलाकात हो सकी और नाही उनके फोन पर भी बात हो पाई देखना है। शासन और प्रशासन में बैठे वरिष्ठ अधिकारी इस तरह के अवैध निमार्णों को जो सरकार की नियम और कानूनों को है ठेंगा दिखा कर कराए जा रहे हैं उन पर समय रहते कार्रवाई हो पाएगी यह प्रश्न समय के गर्भ में है।

# अखिलेश यादव (पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश) के द्वारा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष स्वर्गीय महेंद्र सिंह वर्मा की प्रतिमा का किया गया अनावरण।

अमर ख्याल । अर्जुन सिंह

सीतापुर। उत्तर प्रदेश के जनपद सीतापुर में दौरे पर नरेंद्र सिंह वर्मा पूर्व कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश के पैतृक गांव पोखरा कला में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष स्वर्गीय महेंद्र सिंह वर्मा की प्रथम पुण्यतिथि एवं उनकी प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में अखिलेश यादव पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश दिन रविवार अपने निर्धारित समय दोपहर करीब 2:00 बजे पहुंचे। जहां पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के द्वारा महेंद्र सिंह वर्मा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष स्वर्गीय महेंद्र सिंह वर्मा की प्रतिमा का अनावरण करने के पश्चात जन सभा को संबोधित करते हुए कहा आज बहुत दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि महेंद्र सिंह वर्मा जी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष आज हम सबके बीच नहीं हैं जो राजनीति के कुशल मर्मज्ञ एवं जनता के परम हितेषी एवं गरीबों के मसीहा के नाम से जाने जाते हैं तथा जनता उनको जननायक नेता के नाम से जानी जाती थी क्षेत्र में महेंद्र जी की राजनीति में बहुत ही मजबूत पकड़ थी। फिर भी उनके ना होने के बावजूद नरेंद्र सिंह जी जनता के खेत में संकट के समय कंधे से कंधा मिलाकर तथा जनता के मसीहा के रूप में कार्य कर रहे और सदैव कार्य करते रहेंगे। इसी क्रम में अखिलेश यादव जी ने बीजेपी और बसपा पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय से तय होते हैं वह जीतने के लिए तय नहीं होते वह इसलिए तय होते हैं कि कहीं समाजवादी पार्टी आगे ना बढ़ जाए। तथा उन्होंने इस दौरान यह भी कहा कि लोग सरकार बनाते बनाते रह गए अगर हम हिसाब किताब लगाएं तो बताओ कितने वोटों से हारे ।अगर समाजवादी पार्टी को 3:30 लाख ज्यादा वोट मिल गया होता तो आज बीजेपी की नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश में समाजवाद की सरकार होती। इसके अनंतर उन्होंने देश भर में ईडी छापों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इनकम टैक्स का किस प्रकार छापा पड़ रहा है ।जो विपक्षी पार्टियां बीजेपी के खिलाफ खड़ी हैं वह दल जो बीजेपी से मुकाबला कर रहे हैं। उनके नेताओं पर उनके परिवार के लोगों पर आरोप लगाया जा रहा है। तथा उसी क्रम में उन्होंने यह भी कहा कि बहुजन समाज पार्टी बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर और मान्यवर कांशीराम के रास्ते से भटक गई है।




# चोरी के माल दो अदद बैट्रा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार




मर ख्याल । अहमद रजा

**हरैया/बलरामपुर।** थाना हर्रैय्या पुलिस टीम द्वारा देखभाल क्षेत्र व रोकथाम जुर्म जरायम में मामूर होकर कस्बा बरदौलिया में मौजूद थे कि ग्राम रतनवा अतरपरी मे ग्रामवासियो के सहयोग से एक नफर अभियुक्त मुन्नन पुत्र कदम अली नि0 ग्राम डेरवा मौजा सहिजना थाना हर्रैया जनपद बलरामपुर उम्र करीब 37 वर्ष को गिरफ्तार कर मौके पर चोरी की गयी एक अदद बैट्री बरामद किया गया तथा अभियुक्त मुन्नन उपरोक्त के निसादेही पर थाना क्षेत्र के अन्य स्थानो पर चोरी की गयी एक अदद सोलर बैट्री को शिवपुरा से बरामद किया गया। बरादमगी के आधार पर थाना स्थानीय पर विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त मुन्नन को माननीय न्यायालय रवाना किया गया ।

# 190 नवविवाहित जोड़ों को खुशहाल दाम्पत्य जीवन का दिया आशीर्वाद

अमर ख्याल । अहमद रजा



बलरामपुर। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत जनपद के चारों विधानसभा क्षेत्रों में रीति-रिवाजों के साथ कुल 190 नवविवाहित जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। विकास खण्ड बलरामपुर में 06 ब्लाकों का सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ जिसमें विकासखंड बलरामपुर परिसर में 14 नवविवाहित जोड़ो, श्रीदत्तगंज में 12, उतरौला 16, गैण्डास बुजुर्ग में 14, रेहरा 39, हर्रैया-सतघरवा 11, विकास खण्ड गैंसड़ी परिसर में 03 ब्लाकों का सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ जिसमें गैंसड़ी 43, पचपेड़वा में 18, तुलसीपुर में 21, नगर पंचायत में 02 जोड़ों का वैदिक मंत्रोचार व रीति-रिवाजों के साथ विवाह संपन्न हुआ। जनप्रतिनिधिगणों/ अधिकारियों द्वारा नवविवाहित जोड़ों को खुशहाल दांपत्य जीवन का आशीर्वाद देते हुए सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत उपहार सामग्री व चेक प्रदान किया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी एमपी सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा 55 हजार रुपये लाभार्थियों को दिया जाता है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत आज जनपद में कुल 190 नवविवाहित जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। सभी नवविवाहित जोड़ों को दांपत्य जीवन की शुरूआत के लिए प्रत्येक लाभार्थी(विवाहित जोड़ो) के खाते में 35 हजार रुपए भेजे जाएंगे। शेष धनराशि का उपहार सामग्री/खर्चा में व्यय किये जाते है। इस दौरान बीएसए कल्पना देवी, बीडियो बलरामपुर सागर सिंह, हर्रैया अनूप सिंह, विरेन्द्र कुमार कुमार मिश्र रेहरा, संजय कुमार श्रीवास्तव श्रीदत्तगंज, संचालन कर्ता राकेश चैधरी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि गोविन्द सोनकर, प्रधानसंघ के अध्यक्ष शान्तिभूषण शुक्ल अन्य अधिकारी,कर्मचारी व प्रधानगण मौजूद रहे।

# अवैध शराब के विरुद्ध विशेष अभियान 573 ली0 अवैध शराब, 31 अभियोग पंजीकृत



**अमर ख्याल । अहमद रजा**

**बलरामपुर।** में जिला आबकारी अधिकारी राजेश त्रिपाठी ने बताया कि आबकारी आयुक्त, उ०प्र० प्रयागराज द्वारा दिये गये निदेर्शों के अनुपालन में दिनांक 01.03.2023 से 15.03.2023 तक प्रदेश व्यापी अवैध शराब के विरूद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। इसी के अनुपालन में जिलाधिकारी डॉ महेंद्र कुमार के निर्देशन में संयुक्त टीमों का गठन करते हुए विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है जिसमें दिनांक 01.03.2023 से 10.03.2023 तक प्रशासन, पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध दविश तथा आबकारी दुकानों की चेकिंग की कार्यवाही की गयी। दबिश के दौरान कुल 31 अभियोग पंजिकृत करते हुए कुल 573 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी तथा 1700 कि०ग्रा० लहन नष्ट की गयी। संयुक्त टीमों द्वारा थाना कोतवाली देहात अंतर्गत ग्राम हंसुवाडोल, लालाजोत रामपुर व मोतीचक तथा थाना रेहरा अंतर्गत ग्राम ग्वालियरग्रंट, रघुनाथपुर, मंगुरहवा एवं थाना गैसड़ी अंतर्गत ग्राम मदरहवा, पिपरी जिगनहवा आदि ग्रामों में पूरे बल के साथ दबिश कार्य किया गया। जनपद में कुल 211 दुकाने है जिनमें से देशी शराब की कुल 138 विदेशी मदिरा की 34, बीयर की 38 व एक माडल शाप है जिसका संयुक्त टीमों द्वारा गहनता से निरीक्षण किया गया है जनपद की समस्त दुकानों का निरीक्षण किया जा चुका है। निरीक्षण के दौरान किसी भी दुकान पर कोई गंभीर अनियमितता नहीं पायी गयी । पुनः दुकानों का निरीक्षण किया जा रहा है।

# अवैध बालू लदे ट्रैक्टर ट्राली के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



**अमर ख्याल । अहमद रजा**

**हरैया/बलरामपुर।** थाना हर्रैया पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र से एक अदद ट्रैक्टर ट्राली मय बालू सहित एक नफर अभियुक्त गिरफ्तार किया गया है?। हरैया थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि उ0नि0 सुनील कुमार पाल मय हमराही कां0 रविन्द्र वर्मा मय कां0 सतीशचन्द्र के के देखभाल क्षेत्र जांच प्रार्थना पत्र पेंडिग विवेचना मे थाना क्षेत्र के ग्राम सिकन्दर बोझी मे मौजूद थे की मुखबीर खास की सूचना पर हेगहा नाला के पास से एक अदद ट्रैक्टर मय बालू लदी हुई ट्राली मय एक नफर अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर लाकर खान एव खनिज अधि0 व 2/3 सार्वजनिक सम्पत्ति क्षति नि0 अधि0 पंजीकृत कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय रवाना किया गया ।

# खेत रखवाली कर रही महिला पर तेंदुआ ने किया हमला,

**अमर ख्याल। अशोक कुमार**

**बहराइच।** कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के कतर्निया घाट रेंज अंतर्गत फकीर पूरी गांव निवासी जनजाति महिला लल्लू देवी पत्नी राम प्रताप उम्र लगभग 48 वर्ष आज सुबह लगभग 11 बजे गांव के समीप स्थित अपने गेंहू के खेत की रखवाली करने गयी थी तभी जंगल से निकलकर तेंदुआ ने अकेला पाकर उस पर हमला कर दिया। जहाँ आसपास खेत मे काम कर रहे किसानों ने महिला की चीख पुकार सुनकर हांका लगाते हुए किसी तरह तेंदुआ को भगाया। खून से लतपथ महिला को परिजनों ने आनन फानन निजी वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुजौली भर्ती कराया। महिला की हालत काफी गंभीर बनी हुई है। सूचना के बाद घटनास्थल पर वन क्षेत्राधिकारी ताराशंकर यादव के नेतृत्व में वन दरोगा मनोज पाठक, वन दरोगा अमर सिंह, वन रक्षक प्रवेश कुमार मौके पर पहुंचे और लोगो को सतर्क रहने को कहा।

प्रभागीय वनाधिकारी आकाश दीप बधावन के निर्देश पर वन दरोगा मनोज पाठक व वन दरोगा अमर सिंह, वन रक्षक प्रवेश कुमार, छोटे वाचर आदि ने घटनास्थल का दौरा किया और जांच के दौरान घटना स्थल कतर्नियाघाट रेंज अंतर्गत कटियारा बीट के समीप गेहूं के खेत मे पद निशान पाई गयी।

# चोरी बाइक के साथ शातिर चोर गिरफ्तार



**अमर ख्याल । अशोक कुमार बहराइच।** कोतवाली देहात पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ शातिर चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक आर.के. पांडेय ने बताया कि पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के निर्देश पर गठित पुलिस टीम लखनऊ बाईपास मार्ग पर वाहनों की जांच कर रही थी। रविवार शाम सात बजे चौकी इंचार्ज त्रिलोकी नाथ मौर्य, हेड कांस्टेबल हरिशंकर पांडेय, सतेंद्र कुमार और आशीष नाथ चौहान की टीम ने बाइक सवार को रोक कर बाइक के कागजात मांगे, लेकिन बाईक सवार कागजात नहीं दिखा सका। पुलिस की पूछताछ में बाइक चोरी की निकली। जिस पर शतीर चोर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। जिसकी पहचान सल्लू पुत्र हसीब उर्फ पांडेय निवासी हमीनपुर खैरहनिया के रूप में हुई। स्थानीय पुलिस ने बरामद चोरी की बाईक संख्या यूपी 40 ए.डी. 4681 को सीज कर दिया है। कोतवाल ने बताया कि पूर्व में भी चोरी की वारदात में आरोपी शामिल होने की बात स्वीकार की है।

# शांति सौहार्द एवं कानून व्यवस्था कायम रखने दृष्टिगत निकाली पैदल फ्लैग रूट मार्च

अमर ख्याल। अशोक सागर



गोंडा ।जिले कप्तान आकाश तोमर ने जनपद में शांति सौहार्द एवं कानून व्यवस्था कायम रखते हुए क्षेत्रों में विभिन्न वारदातें पर अंकुश एवं रोकथाम हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष को आवश्यक निदेर्शों से अवगत कराकर अलर्ट करते हुए कहा कि सार्वजनिक स्थलों एवं बाजारों व आबादी वाले इलाकों में निरंतर लगातार पैदल फ्लैग मार्च निकालकर जनमानस के बीच जन संवाद स्थापित कर आवश्यक निदेर्शों से अवगत कराकर जागरूक करने के क्रम में दिए निर्देश, वही दूसरी तरफ थाना कटरा बाजार के थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर के उपरोक्त कुशल निर्देशन में निरंतर लगातार क्षेत्र भ्रमणशील होकर जनमानस के जन संवाद स्थापित कर शांति सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बेहतर तरीके से पूर्णतया चुस्त-दुरुस्त कायम रखने के क्रम में अपील करते हुए कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर अगर कोई भी शांति सौहार्द एवं कानून नियमों का उलंघन कर उपद्रव एवं खलल व्यवधान उत्पन्न करता हुआ पाया गया तो तत्काल प्रभाव से चिन्हित कर शीघ्र ही सख्त से सख्त कठोर दंडात्मक त्वरित कार्यवाही की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने नगर पंचायत कटरा बाजार में पैदल फ्लैग रूट मार्च निकालकर जनमानस से जनसंवाद स्थापित कर आवश्यक निदेर्शों से अवगत कराकर अलर्ट करते हुए कानून नियमों का पालन करने के क्रम में अपील की, इस पैदल फ्लैग रूट मार्च के दौरान प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय, शमशेर बहादुर सिंह, समस्त आरक्षी एवं महिला आरक्षी सहित मौजूद रहे।

# मछली फाटक फ्लाईओवर पर चलती वाईक में लगी आग

**अमर ख्याल । राजेश कुमार**

**मथुरा। शहर कोतवाली क्षेत्र के मछली फाटक फ्लाईओवर पर चलते-चलते अचानक पल्सर बाइक में आग लग गई। जैसे तैसे करके बाइक सवार ने अपनी जान बचाई । बताया जाता है कि हाईवे क्षेत्र के आनंदवन निवासी एक बाइक सवार युवक टैंक चौराहे की तरफ जा रहा था। तभी अचानक उसकी पल्सर बाइक में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। कुछ ही सेकंड में बाइक धू-धू कर जलने लगी। बाइक सवार युवक समय रहते बाइक को साइड में छोड़ कर उतर कर भाग गया।**

**पुल की सड़क पर आग की लपट को देख ट्रेफिक रूक गया। जिससे आने जाने वाले वाहनों की लंबी लाइन लग गई। आग लगने की सूचना पर कोतवाली पुलिस और सेना के जवान मौके पर पहुंच गए कड़ी मशक्कत के बाद जलती हुई बाइक को बुझाया गया। गनीमत यह रही कि एक बड़ा हादसा होने से बच गया।**

# भारतीय अटल सेवा संगठन के द्वारा किया गया होली मिलन समारोह का आयोजन

अमर ख्याल। अरविन्द अवस्थी




सीतापुर। जनपद के विकास खण्ड रेउसा के ग्राम बरौली में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया ।जिसमे जिसमें कालविन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य श्री रहस बिहारी पाण्डेय जी ने भारत रत्न श्रधेय श्रीअटल बिहारी बाजपेयी जी के जीवन से जुडी.गाथायो का व्याख्यान किया ।

भारतीय अटल सेवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्री नीरज झा जी समारोह में उपस्थित सभी लोगो सेबताया होली के पावन पर्व को सभी लोगों को आपसी मतभेद दूर करके मनाना चाहिये।

वही भारतीय अटल सेवा के जिलाध्यक्ष संजीव शुक्ला जी होली को समस्त समाज को एकता सूत्र में बाधने का त्योहार बताया।

होली मिलन समारोह के इस अवसर पर भारतीय अटल सेवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नीरज झा,जिलाध्यक्ष संजीव शुक्ला ,मीडिया प्रभारी आदर्श विश्वकर्मा,उपाध्यक्ष कुलदीप पाण्डेय, मीडिया प्रभारी अमरदीप पाण्डेय ,महामंत्री नवीन सिह, महामंत्री शिव प्रसाद शर्मा ,महामंत्री रविंद्र राठौर, मोहन लाल श्री संतोष पाण्डेय जी, श्री राजेश पाण्डेय , दीपक पाण्डेय जी, अशोक पांडेय,संतराम, मंगलम पाण्डेय, अंकित अवस्थी, लवकुश शुक्ला, विनोदअवस्थी, राजेश (मोहे) पाण्डेय अमित व सैकडो.की संख्या में ग्राम वासी उपस्थित रहे

# सीओ विनय कुमार सिंह को एसपी ने सौंपी अहम जिम्मेदारी

अमर ख्याल । अशोक सागर



गोण्डा। अभी हाल ही में कर्नलगंज सर्किल से स्थानांतरित हुए क्षेत्राधिकारी विनय सिंह को पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर द्वारा नई अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। मिली जानकारी के मुताबिक विनय सिंह अब क्षेत्राधिकारी महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन के दायित्वों का निर्वहन करते हुए निम्नलिखित थानों एवं शाखाओं का पर्यवेक्षण भी करेंगे। जिसमे महिला थाना ए०एच०टी०यू०,महिला सम्बन्धी अपराध का अनुश्रवण (महिला हेल्पडेस्क),महिला सहायता प्रकोष्ठ (परामर्श केन्द्र),महिला सम्मान कोष (आर्थिक सहायता) महिला आयोग एवं महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन का कार्य शामिल है। उक्त के अतिरिक्त समय-समय पर सौंपे गये अन्य कार्यों/दायित्वों का समयबद्ध अनुपालन करना होगा तथा अपने अपने सर्किल के थानों के अन्तर्गत पंजीकृत होने वाले अपराधों के पर्यवेक्षण एवं अपराध तथा अपराधियों पर नियंत्रण व कानून व्यवस्था सुदृढ बनाये रखने की भी जिम्मेदारी दी गई है।इसी के साथ ही साथ पुलिस अधीक्षक द्वारा लिंक अधिकारी नामित किया गया है। जिसके तहत क्षेत्राधिकारी नगर के लिंक अधिकारी क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज होगें तथा क्षेत्राधिकारी सदर एवं क्षेत्राधिकारी मनकापुर आपस में एक-दूसरे के लिंक अधिकारी व क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज तथा क्षेत्राधिकारी तरबगंज आपस में एक-दूसरे के लिंक अधिकारी होंगे। वहीं क्षेत्राधिकारी लाइन के लिंक अधिकारी क्षेत्राधिकारी मनकापुर होंगे।

# कुकुरिहां में गरीबों को नहीं मिला एक अदद आवास,भटक रहे लोग

**अमर ख्याल । अशोक सागर**

**गोण्डा।** एक ओर केंद्र व प्रदेश सरकार गरीबों के लिए कई योजनाएं संचालित कर पात्रों गरीबों को लाभ पहुंचाने के दावे कर रही है लेकिन शासन, प्रशासन व ग्राम प्रधान की हीलाहवाली से सरकार की योजनाएं धरातल तक नहीं पहुंच पा रही हैं। वहीं पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है और योजनाओं का लाभ अपात्र उठा रहे हैं।जिसके कारण सरकार की मंशा पर पूरी तरीके से पानी फिर रहा है ।जीता जागता उदाहरण गोंडा जनपद के इटियाथोक विकासखंड के ग्राम पंचायत कुकुरिहां में देखने को मिला है, जहां पर कई ऐसे गरीब परिवार हैं जिनको सरकारी योजनाओं का लाभ अब तक नहीं मिला है। चाहे वह प्रधानमंत्री आवास योजना हो या मुख्यमंत्री आवास अथवा शौचालय हो या कोई अन्य योजना हो। इस बारे में जब ग्रामीणों से बातचीत किया गया तो यह बात सामने आई अभी तक दर्जनों ऐसे परिवार हैं जो आवास योजना के लिए पात्र हैं लेकिन उन्हें अभी तक इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। वहीं जहां एक तरफ सरकार हर एक परिवार के लिए स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत 12000 रुपए शौचालय के लिए दे रही है लेकिन इन परिवारों के लिए यह योजना भी बेमानी साबित हो रही है। इस बारे में गांव की शकीला,किताबुन, रियाजुल निशा, साबिया, राबिया, कौशल्या,नसीबुन,ननकना, नूरजहां गुड़िया, मुरता देवी, रीता देवी आदी महिलाओं ने बताया अभी तक उन्हें ना तो आवास योजना का लाभ मिला है ना ही शौचालय मिला है। कुछ महिलाओं ने यहां तक बताया कि उनके राशन कार्ड भी नहीं बने हुए हैं,जिसके कारण हुए राशन से भी वंचित है। जिससे सरकार की गरीबों के लिए चलाई जा रही योजनाएं महज कागजों तक सीमित हैं और योगी और मोदी के राज में भी भ्रष्टाचार नहीं खत्म हो रहा है। इसी के साथ ही अपात्र लोग सरकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं और पात्र गरीब वंचित हैं,जिससे सरकार की मंशा पर पूरी तरीके से पानी फिर रहा है।

# जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक दिए दिशा निर्देश

अमर ख्याल । राजेश कुमार

मथुरा । जिलाधिकारी पुलकित खरे ने कलेक्टेज्ट सभागार में निवेशकों द्वारा की गई प्रगति की मॉनीटरिंग हेतु गठित समिति, जिला स्तरीय तकनीकी समिति डीएलटीसी, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), विशेष टीकाकरण अभियान तथा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक लेते हुए निर्देश दिये कि निवेशकों की समस्याओं का निस्तारण नियमानुसार करायें और संबंधित बैंकों से रिपोर्ट लेकर आवश्यक कार्यवाही करें, जिससे कोई प्रकरण लम्बित न रहे। संबंधित विभाग के अधिकारी बैंकों के प्रबंधकों से सम्पर्क करें और लम्बित प्रकरणें की सूची बनाकर अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करें, जिन पर विचार विमर्श के उपरान्त निर्णय हो सके। अधिकारी निवेशकों से समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों को पूर्ण करायें। श्री खरे ने एनआरएलएम की बैठक में उपायुक्त मनरेगा को निर्देश दिये कि जो समूह कार्य कर रहे हैं उनके प्रोडक्टों को ऑनलाइन करायें। सभी समूहों को एक निर्धारित लक्ष्य दिया जाये और समूह के रूचि अनुसार उनसे उत्पाद बनवायें। सभी समूहों की धनराशि समय से रिलीज कर दी जाये, जिससे किसी समूह के कार्यों में कोई परेशानी न हो। टीकाकरण विशेष अभियान की बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि शत प्रतिशत टीकाकरण कार्य पूर्ण किया जाये और कोई भी टीकाकरण से वांछित न रहे। स्वास्थ्य विभाग की टीम घर घर जाकर टीकाकरण के कार्य को पूर्ण करेगी और शासन की मंशा के अनुरूप अभियान को सफल बनायेगी। यह अभियान आगामी 15 दिनों तक चलेगा, इस कार्य में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी, इसकी प्रगति रिपोर्ट सीएमओ द्वारा मॉनीटरिंग की जायेगी और अधोहस्ताक्षरी के संज्ञान लायी जायेगी। अभियान के दौरान साफ सफाई, पानी एकत्रित न होना, डीडीटी का छिड़काव आदि कराया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा डीएफओ रजनीकांत मित्तल मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय कुमार वर्मा डीसी मनरेगा दुष्यंत सिंह डीडी अरुण कुमार उपाध्याय उपायुक्त उद्योग रामेंद्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।



# खुर्शीद मेमोरियल कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह व वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया




**अमर ख्याल । विपिन तिवारी**

**सीतापुर।** जनपद मे विद्यालय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम नगर के खुर्शीद मेमोरियल कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह व वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस दौरान संस्था प्रबंधक जफर अहमद ने कहा कि प्रतिभाओं को निखारने के लिए सम्मान समारोह जरूरी है। शिक्षकों को प्रतिभा का सम्मान करना चाहिए और छात्रों को पाठयक्रम के साथ गतिविधियों पर आधारित शिक्षा प्रदान करनी चाहिए। ताकि छात्र देश के नवनिर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें । संस्था प्रधानाचार्या खुर्शीद फातिमा ने बताया कि स्कूल के विकास की मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें पूरा करने और छात्र हित में तत्पर रहने का आश्वासन दिया । इस दौरान छात्र छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए । सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को संस्था के द्वारा सिल्ड व मेडल देकर सम्मानित भी किया गया । इस दौरान मो. हाशिम अंसारी पत्रकार, मो. आरिफ अंसारी, आसिफ अंसारी, दानिश सगीर, यूसुफ, मो. आकीब, उजमा अतीक, सानिया खान सहित अनेक गणमान्य लोग, अभिभावक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे.

# जनपद सीतापुर के कमलापुर थाना क्षेत्र मे कमलापुर राजा साहब के,हजारा बाग मे एक 22 वर्षीय युवक का शव देखे जाने से क्षेत्र मे हडकंप मच गया



**अमर ख्याल । अभिषेक शुक्ला**

**सीतापुर।** आप को बताते चले कमलापुर थाना अंतर्गत कमलापुर राजा सहाब के हजारा,बाग मे एक युवक का पेड़ से लटका हुआ शव देखे जाने से हड़कंप मच गया कमलापुर थाना प्रभारी को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे वहीं घटना की जानकारी मिलते एडिशनल एसपी एन पी सिंह वा एस पी घुले सुशील चंद्र भान मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की एडिशनल एस पी एन पी सिंह ने बताया रजन,पुत्र मैकू लाल उम्र करीब 24 वर्ष ग्राम वाजिद नगर थाना रामपुर कला का निवासी है जिसके संबंध उसकी सगी बहन की लड़की जिसका नाम लक्ष्मी है उसके साथ अवैध संबंध चल रहा था कमलापुर पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत मे लेकर पूछताछ शुरू कर दी म्रतक रजन लगभग 5/माह से बाहर रहता था घर नही आता था घर वाले उसे अपनी संपत्ति से बेदखल कर दिया था बहार से अपनी बहन के घर ग्राम फतेपुर थाना कमलापुर आता था

# शुरू हुआ विशेष नियमित टीकाकरण पखवारा



अमर ख्याल । सोनी कुमारी

रायबरेली। नियमित टीकाकरण की शिशु एवं बाल मृत्यु दर तथा बीमारियों में कमी में महत्वपूर्ण भूमिका है` इसी क्रम में सोमवार (13 मार्च)से विशेष टीकाकरण पखवारा शुरू हुआ जो कि 24 मार्च तक चलेगा` जिसके तहत शून्य से पाँच साल तक की आयु के बच्चों को 12 जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए टीकाकरण किया जारहा है`

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि सोमवार से शुरू हुए विशेष टीकाकरण पखवारे में कुल 7,912 बच्चों को टीका लगाए जाने का लक्ष्य है` इसके लिए 1147 सत्र आयोजित किए जारहे हैं और इतनी ही टीम लगाई गई हैं` हमारा लक्ष्य जनपद के हर बच्चे को टीका लगाना सुनिश्चित करना है` इससे पहले जनवरी और फरवरी माह में भी विशेष टीकाकरण पखवारा आयोजित किया जा चुका है` जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि टीका पूरी तरह से सुरक्षित है` पाँच साल की आयु तक 12 जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए सात टीके लगाए जाते हैं` यह टीके न केवल जानलेवा बीमारियों से बच्चों की रक्षा करते हैं बल्कि कुपोषण से भी बचाते है` यदि बच्चा कुपोषित है तो वह बार-बार अन्य बीमारियों के संक्रमण की जद में आसानी से आ जाएगा` इसलिए नियमित टीकाकरण की अनदेखी न करें` इस बात को ध्यान में रखें कि हर बच्चे को टीका लगाने के लिए नई सुई का इस्तेमाल किया जाता है` इससे संक्रमण होने की संभावना बिल्कुल भी नहीं है` इसके साथ ही ये टीके घर के समीप लगाए जाएंगे` इससे न केवल पैसे की बचत होगी बल्कि समय भी बर्बाद नहीं होगा` जीवन के सुरक्षा चक्र को टूटने न दें` बच्चे का नियमित टीकाकरण जरूर कराएं` जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डी.एस.अस्थाना ने बताया कि नियमित टीकाकरण काली खांसी, खसरा, निमोनिया, गलघोंटू, वायरल डायरिया, दिमागी बुखार, जापानी इंसिफेलाइटिस, पोलियो, टिटेनस, रूबेला, हेपेटाइटिस बी और टीबी से बचाता है

# मरहूम पीर बाबू सैयद साहब का 55 वां स्मृति समारोह पर कवियों ने समा बांधा

अमर ख्याल । राजेश कुमार

मथुरा। मथुरा राया रोड स्थित मरहूम पीर बाबू सैयद साहब का स्मृति समारोह के अवसर पर कौमी एकता के नाम पर विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें कवियों ने अपनी रचनाओं से समा बांधा। कार्यक्रम के अनुसार मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, कार्यक्रम के संरक्षक तथा कवि व कवित्रियों ने चित्र पर मालार्पण कर कार्यक्रम की प्रारंभता की। मथुरा राया मार्ग के मध्य स्थित लोहवन के पास सैयद की मजार के निकट मरहूम पीर बाबू सैयद साहब का 55 वां स्मृति समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कौमी एकता के नाम पर विराट कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें अनेकों महान कवियों व कवित्रियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। डॉक्टर नीतू के बेटियों पर अपना कविता पाठ कर लोगों को बेटियों के महत्व पर अपनी ज्ञानवर्धक रचना सुनाकर खूब तालियां बटोरी व डा. रमाशंकर पांडेय ने साहित्य रचनाओं को सुनाकर उपस्थित श्रोताओं का दिल जीता। वहीं उनकी भूर भूर प्रशंसा हुई पंडाल तालियों से गूंज उठा। राधा गोविंद पाठक ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की व अपनी कविता पाठ के माध्यम से धर्म, जाति एवं राजनीति पर करारी चोट की धर्म के प्रति समर्पित राधा कृष्ण की कविता पर श्रोताओं ने वाहवाही की देश और समाज में जो विघटनकारी शक्तियां पनप रही है उन पर कटाक्ष करते हुए अपनी रचना प्रस्तुत करने से पीछे नहीं रहे जिसे लोगों ने बहुत सराहा। दर्जनभर कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज को एकता और जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुंवर नरेंद्र सिंह ने कौमी एकता के नाम पर कवि सम्मेलन का आयोजन करने पर आयोजकों को साधुवाद देते हुए आव्हान किया ऐसे आयोजनों की आवश्यकता बताई। अध्यक्षीय भाषण में महामंडलेश्वर ने देश में संविधान और विज्ञान की आवश्यकता पर बल दिया और कहा देश को तरक्की के रास्ते पर ले जाने के लिए संविधान और विज्ञान दोनों की विशेष आवश्यकता है। कार्यक्रम के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार निरंजन प्रसाद धुरंधर ने सभी का कार्यक्रम में आने के लिए आभार व्यक्त किया। व्यवस्थापक का.हमीद शाह, चांद सैयद लेखपाल तथा इनके परिवारिजन एवं भाइयों ने आने वाले श्रोताओं का आदर सम्मान किया। विशेषकर- नीरज सैय्यद, नीरू सैय्यद, मनीष सैय्यद, गुड्डू सैय्यद, हसन सैयद,यासीन सैयद, पप्पू सैय्यद, बबलू, हनीफ सैयद आदि उपस्थित रहे। विशेषकर कवि - डॉक्टर नीतू गोस्वामी, चित्रांश रजनीश राज बृजवासी, रेनू उपाध्याय, रविंद्र पाल सिंह रसिक, राधा गोविंद पाठक, नारायण सिंह, चंद्रप्रकाश मिश्र,राहुल गुप्ता, अश्वनी शर्मा गजलकार ने अपने अपने काव्य पाठ किए।

# सेवायोजन कार्यालय के द्वारा रोजगार मेले का आयोजन

**अमर ख्याल । विपिन तिवारी**

**सीतापुर।** जनपद में आज दिनांक 13 मार्च 2023 जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय सीतापुर, के द्वारा रोजगार मेले का आयोजन दिनांक 17.03.2023 को खण्ड विकास कार्यालय परिसर हरगॉव, दिनांक 20.03.2023 को खण्ड विकास कार्यालय परिसर महमूदाबाद, दिनांक 21.03.2023 को खण्ड विकास कार्यालय परिसर लहरपुर एवं दिनांक 24.03.2023 को खण्ड विकास कार्यालय परिसर खैराबाद में प्रातः 10.00 बजे से किया जा रहा है।

उक्त मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा असिस्टेन्ट मैनेजर, ब्लाक हेड, कम्प्यूटर ऑपरेटर, टेलीकॉलर, सुपरवाइजर, सिक्योरिटी गार्ड, हेल्पर आदि पदों हेतु प्रतिभाग किया जाना है। जिसमें हाईस्कूल, इण्टर स्नातक व आई0टी0आई0 उत्तीर्ण अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य हो, का चयन वेतनमान 10000.00 से 15000.00 तक के पदो पर किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्र एवं फोटो सहित उक्त तिथि को रोजगार मेले में प्रतिभाग करें। तथा रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में जिला सेवायोजन कार्यालय सीतापुर से सम्पर्क कर सकते है। तद्दिनांक को युवाओं की कॅरियर काउन्सिलिंग की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। इसके लिए आने जाने हेतु कोई मार्ग व्यय आदि देय नहीं होगा।

# 19 वर्षीय नवयुवक का फांसी के फंदे से लटकता हुआ मिला शव

## युवक ने लगाई फांसी भाई ने लगाया हत्या का आरोप

**अमर ख्याल । सोनी कुमारी महराजगंज/ रायबरेली** कोतवाली क्षेत्र के गांव पूरे भगन मजरे पोखरनी में 19 वर्षीय नवयुवक का फांसी के फंदे से लटकता शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई । मृतक के भाई तेजभान पुत्र रामकुमार सिंह ने तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि दिनांक 12 /03/2022 को लगभग शाम 4:00 बजे फूलचंद पुत्र श्रीराम निवासी पूरे भगन मजरे पोखरनी ने मेरे भाई विजयभान को फोन करके अपने घर बुलाया जिसके बाद मेरा भाई वापस घर नहीं लौटा। सूर्य प्रताप सिंह पुत्र रामशरन के बहन की पुत्री सीवी सिंह प्रार्थी के भाई विजयभान का प्रेम प्रसंग लगभग 2 वर्षों से चल रहा था इसी रंजिश को लेकर मेरे भाई को समस्त विपक्षी गणों ने एकजुट होकर सूर्यबक्श पुत्र रामशरन अपने कारखाने पर बुलाया जहां पहले से ही चार पांच लोग अज्ञात लोगों को बैठा रखा था रात लगभग 10:00 बजे प्रार्थी ने अपने भाई को फोन किया तो उसका फोन नहीं उठा। सुबह जब प्रार्थी के पिता अपनी ट्यूबवेल पर गए और कमरे का ताला खोलते ही धन्नी से लड़के का शव देखते ही उन्होंने शोर मचाया शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे परिजनों द्वारा सूचना पुलिस प्रशासन को दी गई जिस पर महराजगंज कोतवाली प्रभारी श्याम कुमार पाल पुलिसमय फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक के भाई ने उपरोक्त विपक्षीगणों पर हत्या का आरोप लगाया है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# रामचंद्र ने पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी से लगाई न्याय की गुहार

## भ्रष्टाचार उजागर करना पड़ रहा ग्रामीणों को भारी पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

अमर ख्याल । सोनी कुमारी



महराजगंज/रायबरेली। ग्राम प्रधान के भ्रष्टाचार उजागर करने पर प्रधान द्वारा झूठे आरोप लगाकर फसाने के लिए बनाया जा रहा है निशाना । विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत अचली के निवासी ननई एवं रामचंद्र ने पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी से लगाई न्याय की गुहार लिखित तहरीर देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत पूरे अचली विकासखंड महराजगंज के निवासी हैं पूर्व में प्रार्थी गण द्वारा ग्राम प्रधान कलावती और उनके पति राम विपत्ति द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार की शिकायत जिलाधिकारी महोदय से की जिसमें 14 /7/ 2022 को जिलाधिकारी महोदय ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी की गठन किया था जांच कमेटी की जांच में ग्राम प्रधान कलावती द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार की पुष्टि हुई है। उनके पति राम विपत्ति जो अपने को सरकारी महकमे का सामने तकथित प्रधान प्रतिनिधि बताकर पेश होता है। उनके द्वारा अपने दलित होने का फायदा उठाकर झूठे मारपीट रंगदारी मांगने और जातिसूचक गाली देने जैसे झूठे आरोप लगाकर निशाना बनाया जा रहा है। और बदला लेने के लिए जान से मार देना या एससी एसटी एक्ट में फंसा कर जीवन बर्बाद करने की धमकी देता है। और ग्रामीणों के फर्जी अंगूठा और हस्ताक्षर बनाकर झूठी शिकायत देकर प्रार्थीगढ को लगातार फसाने के प्रयास कर रहा है। नन्हई और रामचंद्र ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी से मामले की जांच की जानकारी करके ग्राम प्रधान कलावती प्रधान प्रतिनिधि राम विपत्ति पर विधिक कार्यवाही करने की पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई ।

फिल्म आरआरआर के गीत

# नाटु नाटु ने ऑस्कर जीत कर रचा इतिहास





भारतीय फिल्म आरआरआर के तेलुगु गीत नाटु नाटु ने अकादमी पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ मूल (ओरिजनल) गीत की श्रेणी में ऑस्कर जीत कर इतिहास रच दिया है। निर्देशक एस. एस. राजामौली की फिल्म आरआरआर के इस गीत नाटु नाटु के संगीतकार एम. एम. कीरावानी हैं और गीतकार चंद्रबोस ने इसके बोल लिखे हैं। इसे आवाज काल भैरव और राहुल सिप्लीगुंज ने दी है। नाटु नाटु का मतलब होता है नाचना। गीत में अभिनेता राम चरण और जूनियर एनटीआर पर फिल्माया गया है, जिसमें उनके जोरदार नृत्य को भी काफी सराहना मिली है। कीरावानी ने कहा, मैं द कारपेंटर्स (बैंड के गीत) सुनते हुए बड़ा हुआ और आज यहां ऑस्कर के साथ हूं। मेरी बस एक ही ख्वाइश थी..राजामौली और मेरे परिवार की भी.. आरआरआर जीत जाए.. सभी भारतीयों का गौरव...। चंद्रबोस ने केवल नमस्ते कहकर पुरस्कार पाने की खुशी जाहिर की। इस श्रेणी में गीत नाटु नाटु ने फिल्म टेल इट लाइक अ वुमन के गीत अपलॉज , टॉप गन: मावेरिक के गीत होल्ड माई हैंड , ब्लैक पैंथर: वाकांडा फॉरएवर के लिफ्ट मी अप और एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वन्स के दिस इज़ ए लाइफ को मात दी। गीत की विदेशी धरती पर यही तीसरी जीत है, इससे पहले इसे गोल्डन ग्लोब और क्रिटिक्स च्वाइस अवार्ड में भी पुरस्कार मिल चुका है। आरआरआर के आधिकारिक ट्विटर खाते पर जारी बयान में कहा गया, हम बेहद खुश हैं कि आरआरआर भारत को ऑस्कर दिलाने वाली पहली फिल्म बन गई है, जिसके गीत नाटु नाटु को सर्वश्रेष्ठ (ओरिजनल) गीत की श्रेणी में पुरस्कार मिला है। इस पल को बयां करने के लिए शब्द नहीं हैं। दुनियाभर में हम अपने सभी प्रशंसकों को इसे समर्पित करते हैं। बहुत बहुत शुक्रिया। जय हिंद। इससे पहले नाटु नाटु के गायक काल भैरव और राहुल सिप्लीगुंज ने ऑस्कर समारोह में इस तेलुगु गीत पर जोरदार प्रस्तुति दी, जिससे समारोह स्थल पर मौजूद सभी दर्शक झूम उठे थे। प्रस्तुति पर दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों ने खड़े होकर तालियां बजाईं। समारोह में भारतीय गायकों की प्रस्तुति की घोषणा बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने की थी। दीपिका पादुकोण यहां लुई विटॉन के काले रंग के बेहद सुंदर गाउन में नजर आईं, जिसके साथ उन्होंने एक खूबसूरत हार पहना था। अभिनेत्री ने प्रस्तुति की घोषणा करते हुए कहा, क्या आपको पता है नाटु क्या है, अगर नहीं, तो अब पता चल जाएगा। पेश है आरआरआर से नाटु नाटु।

गीत की प्रस्तुति के लिए आयोजकों ने मंच पर गाने के सेट को दिखाने की कोशिश की। इस गीत की शूटिंग यूक्रेन की राजधानी कीव स्थित राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में हुई है। ऑस्कर समारोह का आयोजन सोमवार को सुबह (भारतीय समयानुसार) हॉलीवुड के डॉल्बी थिएटर में किया जा रहा है। गौरतलब है कि डैनी बॉयल द्वारा निर्देशित ब्रिटेन की फिल्म स्लमडॉग मिलियनेयर का गीत जय हो सर्वश्रेष्ठ मूल स्कोर व मूल गीत श्रेणियों में अकादमी पुरस्कार जीतने वाला पहला हिंदी गीत है। इसके संगीतकार ए.आर. रहमान हैं और इसके बोल गुलजार ने लिखे हैं।




## प्रधानमंत्री ने कहा:- भारत खुश और गौरवान्वित



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को भारतीय फिल्म आरआरआर के गीत नाटु नाटु के सर्वश्रेष्ठ मूल (ओरिजनल) गीत की श्रेणी में ऑस्कर अवॉर्ड जीतने पर इसकी पूरी टीम को बधाई दी और कहा कि पूरा देश आज गौरवान्वित महसूस कर रहा है। मोदी ने एक ट्वीट में कहा, असाधारणउ नाटु नाटु की लोकप्रियता वैश्विक है। यह एक ऐसा गीत होगा जिसे आने वाले कई वर्षों तक याद रखा जाएगा। इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए एम एम कीरावानी, चंद्र बोस और पूरी टीम को बधाई। भारत खुश और गौरवान्वित है। नाटु नाटु के संगीतकार एम. एम. कीरावानी हैं और इसे आवाज काल भैरव और राहुल सिप्लीगुंज ने दी है। इस गाने को अभिनेता राम चरण और जूनियर एनटीआर पर फिल्माया गया है। इसमें दोनों के जोरदार डांस को को भी काफी सराहना मिल चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी ने तमिल भाषा की डॉक्यूमेंट्री द एलिफेंट व्हिस्परर्स के भी ऑस्कर जीतकर इतिहास रचने पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा, कार्तिकी गोंजाल्विस, गुनित मोंगा और द एलिफेंट व्हिस्परर्स की पूरी टीम को इस सम्मान के लिए बधाई। उनका काम आश्चर्यजनक रूप से सतत विकास और प्रकृति के साथ सद्भाव में रहने के महत्व पर प्रकाश डालता है। द एलिफेंट व्हिस्परर्स डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट सब्जेक्ट श्रेणी में ऑस्कर जीतने वाली पहली भारतीय फिल्म बन गई है। कार्तिकी गोंजाल्विस द्वारा निर्देशित इस डॉक्यूमेंट्री ने इस श्रेणी में हॉलआउट , हाउ डू यू मेजरमेंट ए ईयर? , द मार्था मिशेल इफेक्ट और स्ट्रेंजर एट द गेट जैसी फिल्मों को मात दी।

## पूर्व उपराष्ट्रपति नायडू, फिल्म जगत की कई हस्तियों ने दी फिल्म आरआरआर की टीम को बधाई



पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन, अभिनेता चिरंजीवी सहित कई बड़ी हस्तियों और नेताओं ने एस.एस. राजामौली की फिल्म आरआरआर के गीत नाटु नाटु के ऑस्कर जीतने पर खुशी जाहिर की है। फिल्म आरआरआर के तेलुगु गीत नाटु नाटु ने 95वें अकादमी पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ मूल (ओरिजनल) गीत की श्रेणी में पुरस्कार जीता है। गीत नाटु नाटु के संगीतकार एम. एम. कीरावानी हैं और गीतकार चंद्रबोस ने इसके बोल लिखे हैं। इसे आवाज काल भैरव और राहुल सिप्लीगुंज ने दी है। नाटु नाटु का मतलब होता है नाचना। गीत अभिनेता राम चरण और जूनियर एनटीआर पर फिल्माया गया है, जिसमें उनके जोरदार नृत्य को भी काफी सराहना मिली है। वेंकैया नायडू ने ट्वीट किया, संगीतकार कीरावानी को, गीतकार चंद्रबोस, निर्देशक राजामौली और आरआरआर की पूरी टीम को सर्वश्रेष्ठ मूल (ओरिजनल) गीत की श्रेणी में प्रतिष्ठित पुरस्कार ऑस्कर जीत कर इतिहास रचने के लिए बधाई। राज्यपाल सौंदरराजन ने ट्वीट किया, आरआरआर की पूरी टीम को बधाई, आपने ऑस्कर जीत भरतीयों और तेलुगु फिल्म जगत को गौरवान्वित किया है। अभिनेता चिरंजीवी ने भी ट्वीट करके फिल्म आरआरआर की टीम को बधाई दी। चिरंजीवी के बेटे राम चरण ने फिल्म आरआरआर में मुख्य भूमिका निभाई है। भारतीय जनता पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष एवं सांसद बंदी संजय कुमार और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ए. रेवंत रेड्डी ने भी आरआरआर की टीम को बधाई दी।

## खरगे, राहुल, कई कांग्रेस नेताओं ने आरआरआर, द एलिफेंट व्हिस्परर्स की टीम को बधाई दी






कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी के कई अन्य नेताओं ने वृत्तचित्र द एलिफेंट व्हिस्परर्स और फिल्म आरआरआर के मशहूर गीत नाटू नाटू के ऑस्कर जीतने पर सोमवार को बधाई देते हुए कहा कि यह भारत के लिए अत्यंत गौरवशाली क्षण है। खरगे ने ट्वीट किया, हम नाटू नाटू के ऑस्कर जीतने का जश्न मनाने में करोड़ों भारतीय नागरिकों के साथ शामिल हैं। भारत के लिए इतनी सारी खुशी लाने पर बहुत बहुत धन्यवाद। आरआरआर फिल्म की पूरी टीम को बधाई। उन्होंने द एलिफेंट व्हिस्परर्स के ऑस्कर जीतने पर इस वृत्तचित्र की पूरी टीम को भी बधाई दी और कहा कि यह देश के लिए गौरवशाली क्षण है। राहुल गांधी ने नाटू नाटू के ऑस्कर जीतने पर खुशी जताते हुए ट्वीट किया, जिस गीत को भारत ने बहुत पसंद किया, वह सही मायने में वैश्विक हो गया। संगीतकार एम. एम. कीरावानी, गीतकार चंद्रबोस और आरआरआर की पूरी टीम को बधाई। उन्होंने द एलिफेंट व्हिस्परर्स से जुड़ी पूरी टीम को भी बधाई दी और कहा कि इस वृत्तचित्र को बनाने वाली दो महिलाओं ने पूरे भारत को गौरवान्वित किया है। उल्लेखनीय है कि भारतीय फिल्म आरआरआर के तेलुगु गीत नाटु नाटु ने 95वें अकादमी पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ मूल (ओरिजनल) गीत की श्रेणी में ऑस्कर जीत कर इतिहास रच दिया है।

## ऑस्कर अवॉर्ड जीतने पर अनुराग ठाकुर ने फिल्म आरआरआर की पूरी टीम को बधाई दी



सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने भारतीय फिल्म आरआरआर के गीत नाटु नाटु के सर्वश्रेष्ठ मूल (ओरिजनल) गीत की श्रेणी में ऑस्कर अवॉर्ड जीतने पर इसकी पूरी टीम को बधाई दी और कहा कि यह शुरूआत है। उन्होंने दुनिया द्वारा भारतीय विषय को मान्यता दिए जाने को सुखद बताया। ठाकुर ने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि भारतीय विषय वस्तु एवं सामग्री ने वैश्विक स्तर पर अपना स्थान बनाया है और भारतीय फिल्म आरआरआर के गीत नाटु नाटु के सर्वश्रेष्ठ मूल (ओरिजनल) गीत की श्रेणी में ऑस्कर अवॉर्ड जीतने पर इसकी पूरी टीम को बधाई। उन्होंने कहा कि यह भारतीय फिल्म के लिए अभूतपूर्व और ऐतिहासिक क्षण है, ब्रांड इंडिया सामने आ गया है। सूचना प्रसारण मंत्री ने कहा, यह तो सिर्फ शुरूआत है, यह सुखद है कि अब दुनिया भारतीय विषय वस्तु एवं सामग्री को मान्यता दे रही है। गौरतलब है कि भारतीय फिल्म आरआरआर के तेलुगु गीत नाटु नाटु ने अकादमी पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ मूल (ओरिजनल) गीत की श्रेणी में ऑस्कर जीत कर इतिहास रच दिया है। निर्देशक एस. एस. राजामौली की फिल्म आरआरआर के इस गीत नाटु नाटु के संगीतकार एम. एम. कीरावानी हैं और गीतकार चंद्रबोस ने इसके बोल लिखे हैं। इसे काल भैरव और राहुल सिप्लीगुंज ने गाया है। वहीं, विधि एवं न्याय मंत्री किरेन रिजीजू ने कहा कि भारतीय सिनेमा को यदि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिलता है।

## मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने आरआरआर की टीम को बधाई दी



तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने सोमवार को आरआरआर की टीम को नाटु नाटु गीत के लिए ऑस्कर पुरस्कार मिलने पर बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सभी तेलुगु लोगों के लिए गर्व की बात है कि एक तेलुगु फिल्म ने ऑस्कर पुरस्कार जीता है। राव ने कहा, नाटु-नाटु गीत में इस्तेमाल किए गए शब्द तेलंगाना की संस्कृति, तेलुगु लोगों की पसंद और लोगों के जीवन में विविधता को दर्शाते हैं। उन्होंने गीतकार चंद्रबोस की भी विशेष रूप से प्रशंसा की।

### गीतकार के परिवार के सदस्य प्रसन्न

नाटु नाटु लिखने वाले गीतकार चंद्रबोस के परिवार के सदस्यों ने सोमवार को इस गाने को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलने को लेकर खुशी जताई। चंद्रबोस की पत्नी सुचित्रा ने अपने पति को एक किताबी कीड़ा बताया, जिनका जुनून किताबें पढ़ना और ज्ञान प्राप्त करना है। उन्होंने कहा, मैं बहुत खुश हूं कि चंद्रबोस और (संगीत निर्देशक) कीरावानी जी ने भारत के लिए ऑस्कर पुरस्कार जीता है। मैं बस पति के लौटने का इंतजार कर रही हूं। मैं फूलों से उनका स्वागत करूंगी।

## आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री, तेदेपा के प्रमुख ने फिल्म आरआरआर की टीम को ऑस्कर के लिए दी बधाई



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई. एस. जगन मोहन रेड्डी ने फिल्म आरआरआर के गीत नाटु नाटु के आस्कर जीतने पर संगीतकार एम. एम. कीरावानी को सोमवार को बधाई दी। निर्देशक एस. एस. राजामौली की फिल्म आरआरआर के तेलुगु गीत नाटु नाटु ने 95वें अकादमी पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ मूल (ओरिजनल) गीत की श्रेणी में पुरस्कार जीता है। गीत नाटु नाटु के संगीतकार एम. एम. कीरावानी हैं और गीतकार चंद्रबोस ने इसके बोल लिखे हैं। इसे स्वर काल भैरव और राहुल सिप्लीगुंज ने दिया है। नाटु नाटु का मतलब होता है नाचना। रेड्डी ने कहा कि इस गीत ने वास्तव में संगीत प्रेमियों को थिरकने पर मजबूर कर दिया।

## ऑस्कर जीतने पर आरआरआर के अभिनेता जूनियर एनटीआर, राम चरण ने कहा- यह भारत की जीत



निर्देशक एस. एस. राजामौली की तेलुगु फिल्म आरआरआर के मुख्य कलाकार जूनियर एनटीआर और राम चरण ने फिल्म के गीत नाटु नाटु के ऑस्कर जीतने पर कहा कि यह हर एक भारतीय की जीत है। तेलुगु गीत नाटु नाटु ने 95वें अकादमी पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ मूल (ओरिजनल) गीत की श्रेणी में ऑस्कर जीत कर इतिहास रच दिया है। गीत नाटु नाटु के संगीतकार एम. एम. कीरावानी हैं और गीतकार चंद्रबोस ने इसके बोल लिखे हैं। इसे स्वर काल भैरव और राहुल सिप्लीगुंज ने दिया है। नाटु नाटु का मतलब होता है नाचना। गीत अभिनेता राम चरण और जूनियर एनटीआर पर फिल्माया गया है, जिसमें उनके जोरदार नृत्य को भी काफी सराहना मिली है। राम चरण ने सोशल मीडिया मंच ट्विटर पर लिखा, यह पुरस्कार हर एक भारतीय अभिनेता, तकनीकी टीम के सदस्य, फिल्म देखने वाले हर एक शख्स का है। मैं दुनियाभर में बसे अपने प्रशंसकों का इस प्रेम व समर्थन के लिए शुक्रिया अदा करता हूं।

ऑस्कर 2023

## पुरस्कार विजेताओं की सूची

ऑस्कर में इस साल एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वन्स का बोलबाला रहा... सर्वश्रेष्ठ फिल्म बनने के साथ इसके लिए डेनियल क्वान तथा डेनियल स्कैनर्ट को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक चुना गया और फिल्म की अदाकारा मिशेल योह को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार से नवाजा गया। भारत की बात करें तो इस साल ऑस्कर में भारतीयों ने भी अपना डंका बजाया। भारतीय फिल्म आरआरआर के गीत नाटु नाटु ने 95वें अकादमी पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ मूल (ओरिजनल) गीत की श्रेणी में ऑस्कर जीत इतिहास रच दिया है। वहीं तमिल भाषा के वृत्तचित्र द एलिफेंट व्हिस्परर्स ने डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट सब्जेक्ट श्रेणी में भारत के लिए पहला ऑस्कर जीता। इस साल ऑस्कर समारोह का आयोजन हॉलीवुड के डॉल्बी थिएटर में किया गया। **95वें अकादमी पुरस्कार में जीत हासिल करने वाले विजेताओं की सूची इस प्रकार है-**

- सर्वश्रेष्ठ फिल्म- एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वन्स
- सर्वश्रेष्ठ निर्देशक- एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वन्स के लिए डेनियल क्वान तथा डेनियल स्कैनर्ट
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री- एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वन्स के लिए मिशेल योह
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता- फिल्म द व्हेल के लिए ब्रेंडन फ्रेज़र
- सर्वश्रेष्ठ सह-अभिनेता - एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वन्स के लिए के ह्यू क्वान
- सर्वश्रेष्ठ सह - अभिनेत्री - एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वन्स के लिए जेमी ली कर्टिस
- सर्वश्रेष्ठ (ओरिजनल) गीत - फिल्म आरआरआर से नाटु नाटु
- सर्वश्रेष्ठ (ओरिजनल) पटकथा - फिल्म एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वन्स
- सर्वश्रेष्ठ रूपांतरित पटकथा - फिल्म वीमेन टॉकिंग
- सर्वश्रेष्ठ संपादित फिल्म - एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वन्स
- सर्वश्रेष्ठ एनिमेटेड फीचर - फिल्म गुइलेर्मो डेल टोरो की पिनोचियो
- सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म - ऑल क्वाइट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट
- सर्वश्रेष्ठ फीचर वृत्तचित्र - नवलनी
- सर्वश्रेष्ठ लाइव एक्शन शॉर्ट - एन आयरिश गुडबाय
- सर्वश्रेष्ठ सिनेमेटोग्राफी - ऑल क्वाइट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट के लिए जेम्स फ्रेंड
- सर्वश्रेष्ठ मेकअप व हेयरस्टाइलिंग - फिल्म द व्हेल
- सर्वश्रेष्ठ कॉस्ट्यूम डिजाइन - फिल्म ब्लैक पैंथर: वाकांडा फॉरएवर
- सर्वश्रेष्ठ लघु वृत्तचित्र - द एलिफेंट व्हिस्परर्स
- सर्वश्रेष्ठ एनिमेटेड शॉर्ट - द बॉय, द मोल, द फॉक्स एंड द हॉर्स
- सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्शन डिजाइन -
- फिल्म ऑल क्वाइट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट
- सर्वश्रेष्ठ संगीत (ओरिजनल स्कोर)- ऑल क्वाइट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट के लिए वोल्कर बर्टेलमैन
- सर्वश्रेष्ठ विजुअल इफेक्ट्स - फिल्म अवतार: द वे ऑफ वॉटर
- सर्वश्रेष्ठ साउंड : फिल्म टॉप गन: मेवरिक

## एक नजर

### पिता के निधन के बाद ऑस्ट्रेलिया में अपने कमरे में अक्सर रो देता था: सिराज

**बेंगलुरु।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान पिता के निधन पर अपने भावनात्मक संघर्ष के बारे में कहा कि वह कोविड-19 महामारी के समय बायो-बबल में रहने के दौरान अपने कमरे में अक्सर रोते रहते थे। हैदराबाद के इस तेज गेंदबाज के पिता मोहम्मद गौस का नवंबर 2020 में संक्षिप्त बीमारी के बाद निधन हो गया था। सिराज इस समय ऑस्ट्रेलिया में थे और वैश्विक महामारी के कारण लागू पृथक्वास प्रतिबंधों के कारण वह उनके अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो सके। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के लिए खेलने वाले सिराज ने कहा, ऑस्ट्रेलिया में कोई भी दूसरे खिलाड़ियों के कमरे में नहीं जा सकता था। ऐसे में हम वीडियो कॉल पर बात करते थे। उन्होंने आरसीबी सीजन 2 पॉडकास्ट में कहा, श्रीधर सर (भारत के पूर्व क्षेत्ररक्षण कोच आर श्रीधर) अक्सर फोन पर हाल-चाल पूछते थे। वह पूछते थे कि कि आप कैसे हैं, आपने क्या खाया है। इससे मुझे अच्छा लगता था। उस समय मेरी मंगेतर भी मुझ से फोन पर बात कर मेरा हौसला बढ़ाती थी। इस तेज गेंदबाज ने कहा, मैं फोन पर कभी नहीं रोया लेकिन ऐसे मौके आए जब मैं कमरे में रो दिया करता था और फिर बाद में उससे (मंगेतर) बात करता था। सोमवार को अपना 29वां जन्मदिन मनाने वाले सिराज ने बताया कि इस स्थिति में टीम के तत्कालीन मुख्य कोच रवि शास्त्री ने उनका समर्थन कर हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा, मैं अपने पिता के निधन के अगले दिन प्रशिक्षण के लिए गया और रवि शास्त्री ने मुझसे कहा कि पिता की दुआएं मेरे साथ है और मैं पांच विकेट लूंगा। जब मैंने ब्रिस्बेन में पांच विकेट लिए तो उन्होंने मुझसे कहा, देखो, मैंने तुमसे क्या कहा था कि तुम पांच विकेट लोगे।

### ऑस्ट्रेलिया ने टीम चयन में गलती की, तेज गेंदबाजों ने यॉर्कर और बाउंसर गेंद नहीं डाली : कास्प्रोविच

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज माइकल कास्प्रोविच ने अहमदाबाद टेस्ट की पिच को बैट-ए-थॉन (बल्लेबाजी के लिए उपयुक्त) करार देते हुए मिशेल स्टार्क के नेतृत्व वाली तेज गेंदबाजों द्वारा बाउंसर और यॉर्कर का पर्याप्त इस्तेमाल नहीं करने की आलोचना की। ऑस्ट्रेलिया के लिए 38 टेस्ट मैच खेलने वाले कास्प्रोविच 2004-05 में भारत दौरे पर टेस्ट श्रृंखला जीतने वाली टीम के सदस्य थे। उन्होंने टीम के चयन पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस मैच में उन्हें तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतरना चाहिए था। कास्प्रोविच ने एसईएन रेडियो से सोमवार को कहा, इस पिच पर तेज गेंदबाजों के लिए यॉर्कर या बाउंसर ही कारगर है। एक तेज गेंदबाज के रूप में, अगर हम बल्लेबाजों को फंसना चाहते हैं।

# क्वालिफायर गारिन ने इंडियन वेल्स में कैस्पर रूड को हराया



**एजेंसी ■ इंडियन वेल्स**

चिली के क्वालीफायर क्रिश्चियन गारिन ने बीएनपी परिबास ओपन टेनिस में नॉर्वे के तीसरी वरीयता प्राप्त कैस्पर रुड को 6-4, 7-6 (2) से हराकर लगभग दो वर्षों में शीर्ष पांच खिलाड़ी पर अपनी पहली जीत दर्ज की। रैंकिंग में 97वें स्थान पर काबिज गारिन के रविवार को अंतिम 32 दौर के मैच में 39 विनर्स (अंक बनाने वाले शॉट) लगाए, जबकि चौथे पायदान पर काबिज रुड ने लगभग दो घंटे तक चले मैच में सिर्फ 15 विनर्स लगाए। छब्बीस साल के गारिन की दो बार के ग्रैंड स्लैम उपविजेता रुड के खिलाफ चार मैचों में यह तीसरी जीत रही। गारिन के सामने प्री-क्वार्टर फाइनल में 13वीं वरीयता प्राप्त करेन खचानोव या 23वीं वरीयता प्राप्त एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना की चुनौती होगी। कैमरून नॉरी ने पहले सेट में 0-3 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 103वीं रैंकिंग वाले खिलाड़ी टारो डेनियल को 6-7 (5), 7-5, 6-2 से शिकस्त दी। साल 2021 के चैंपियन 10वीं वरीयता प्राप्त नॉरी के सामने अब आंद्रे रुबलेव और उगो हम्बर्ट के मैच के विजेता की चुनौती होगी। जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने फिनलैंड के एमिल रुसुवुओरी 7-5, 1-6, 7-5 से हराया। अगले दौर में उनका सामना पांचवीं वरीयता प्राप्त डेनियल मेदवेदेव या इल्या इवाश्का में से किसी एक की चुनौती होगी। तीसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका की शीर्ष महिला खिलाड़ी जेसिका पेगुला ने लगातार दूसरे मैच में एक सेट से पिछड़ने के बाद 26वीं वरीयता प्राप्त अनास्तासिया पोटापोवा को 3-6, 6-4, 7-5 से हराया। सातवीं वरीयता प्राप्त मारिया सककारी ने 27वीं रैंकिंग की खिलाड़ी अनहेलिना कैलिना को 3-6, 6-2, 6-4 से शिकस्त दी।

# श्रीलंका पर न्यूजीलैंड की जीत के साथ भारत ने डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालिफाई किया

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

श्रीलंका के खिलाफ क्राइस्टचर्च (न्यूजीलैंड) टेस्ट में न्यूजीलैंड की दो विकेट से रोमांचक जीत के साथ ही भारत ने सोमवार को प्रतिष्ठित विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। भारत सात जून से द ओवल में खेले जाने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगा। भारतीय टीम लगातार दूसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंची हैं। टीम



इसके शुरुआती सत्र (2021) में न्यूजीलैंड से हार गई थी। डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को बनाए रखने के लिए दिमुथ करुणारत्ने की अगुवाई वाली श्रीलंका की टीम को न्यूजीलैंड दौरे पर दो मैचों की श्रृंखला में 2-0 की जीत दर्ज करनी थी। लेकिन शुरुआती मैच में हार के साथ ही उसकी उम्मीदें खत्म हो गई। इंदौर में बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला के तीसरे टेस्ट में भारत को नौ विकेट से हराकर ऑस्ट्रेलिया डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह हासिल करने वाली पहली टीम बनीं थी। इसके बाद भारत को अहमदाबाद टेस्ट में जीत या न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच पहले टेस्ट में अनुकूल परिणाम की जरूरत थी। क्राइस्टचर्च टेस्ट के परिणाम ने बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला के चौथे टेस्ट को समीकरण से बाहर कर दिया।

# चौथा टेस्ट ड्रॉ, भारत सीरीज 2-1 से जीता

**एजेंसी ■ अहमदाबाद**

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला के चौथे और आखिरी टेस्ट मैच के पांचवें दिन सोमवार को भारतीय गेंदबाजों को पिच से कोई खास मदद नहीं मिली लेकिन टीम ने घरेलू परिस्थितियों में दबदबा कायम रखते हुए 2-1 से श्रृंखला अपने नाम की। भारत ने इस मैच के खत्म होने से पहले ही हालांकि लगातार दूसरी बार विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में भी अपनी जगह पक्की कर ली।

क्राइस्टचर्च में श्रीलंका पर न्यूजीलैंड की दो विकेट की रोमांचक जीत के साथ ही भारत का विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल का टिकट पक्का हो गया था। भारत-ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला के आखिरी टेस्ट से पहले के समीकरण में श्रीलंका को डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने के लिए न्यूजीलैंड दौरे पर 2-0 से जीत दर्ज करनी थी लेकिन श्रृंखला के शुरुआती मैच में उसकी हार ने भारत की जगह पक्की कर दी। ऑस्ट्रेलिया ने पिछले टेस्ट मैच को जीत कर पहले ही डब्ल्यूटीसी फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली थी। डब्ल्यूटीसी का फाइनल सात जून से लंदन के द ओवल में खेला जाएगा। भारत ने ऑस्ट्रेलिया पर लगातार चौथी बार




टेस्ट श्रृंखला में 2-1 से जीत दर्ज की है। इससे पहले भारतीय टीम ने 2017 में घरेलू श्रृंखला के अलावा 2018-19 और 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में हराया था। मैच के पांचवें दिन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने बिना दबाव के खेलते हुए बल्लेबाजी अभ्यास पर जोर दिया। दिन के शुरुआती सत्र में रात्रि प्रहरी कुहनेमैन के पवेलियन लौटने के बाद सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड और मार्नुस लाबुशेन ने रक्षात्मक रवैया अपनाया और भारतीय गेंदबाजों को हावी होने के मौके नहीं दिए। हेड ने 163 गेंद में 10 चौकों और दो छक्कों की मदद से 90 रन बनाने के साथ लाबुशेन के साथ दूसरे विकेट के लिए 139 रन की साझेदारी कर मैच को भारत की पकड़ से दूर कर दिया। दोनों कप्तान जब मैच ड्रॉ करने पर सहमत हुए तब लाबुशेन 63 और स्टीव स्मिथ 10 रन बना कर खेल रहे थे। इस समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर दो विकेट पर 175 रन (पारी घोषित) था। भारतीय टीम लगातार दूसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल क्वालिफिकेशन के बाद खुशी होगी लेकिन मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा अच्छी तरह से जानते होंगे कि ऑस्ट्रेलिया से फाइनल में एक अलग मुकाबला होगा जहां पिच निश्चित रूप से भारतीय स्पिनरों की मदद नहीं करेगी जैसा उसने इस श्रृंखला के पहले तीन टेस्ट में किया था। जून की शुरुआत में इंग्लैंड की पिच पर मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड, कप्तान पैट कमिंस और नाथन लियोन का ऑस्ट्रेलियाई आक्रमण भारतीय बल्लेबाजों के लिए काफी परेशानी खड़ी कर सकता है। भारत ने हालांकि ऑस्ट्रेलिया में इस गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ दो श्रृंखला जीती हैं। इस श्रृंखला में स्पिनरों की मददगार पिच से रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल को मदद मिली लेकिन क्रिकेट जगत में इसकी काफी किरकिरी हुई। यही नहीं भारतीय शीर्ष क्रम भी ऑस्ट्रेलिया के स्पिनरों के खिलाफ सहज नहीं दिखा। इंग्लैंड में भारत को एक ही स्पिनर के साथ खेलना होगा और संभावना है कि वह ऑलराउंडर जडेजा होंगे। टीम को हालांकि सबसे ज्यादा जसप्रीत बुमराह और ऋषभ पंत की कमी खलेगी। पंत की जगह टीम में शामिल हुए कोना भरत (चार टेस्ट में 101 रन) स्पिन गेंदबाजी के साथ स्विंग लेती गेंदों पर विकेट के पीछे सहज नहीं दिखे। लोकेश राहुल के खराब लय से टीम की परेशानियों को बढ़ाया लेकिन अक्षर पटेल और विराट कोहली ने शानदार बल्लेबाजी टीम का आत्मविश्वास बढ़ाया। श्रृंखला से पहले किसी ने उम्मीद नहीं की होगी की अक्षर इन चार टेस्ट मैचों में 264 रन के साथ विराट कोहली (297) के बाद भारत के दूसरे सर्वोच्च स्कोरर होंगे। उन्होंने इस दौरान तीन अर्धशतकीय पारियां खेली। अश्विन ने एक बार फिर साबित किया कि भारतीय परिस्थितियों में उनका कोई तोड़ नहीं। जिस पिच पर दूसरे गेंदबाज विकेट के लिए तरस रहे थे उन्होंने उस पर ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में छह विकेट चटकाए। वह श्रृंखला में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे।

# मैंने एशिया कप और विश्व कप पर अपने विकल्प खुले रखे हैं : पीसीबी अध्यक्ष

**एजेंसी ■ लाहौर**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष नजम सेठी ने इस साल पाकिस्तान में होने वाले एशिया कप और भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप को लेकर जल्दी स्थिति स्पष्ट करने की बात करते हुए कहा कि वह सभी विकल्पों पर विचार कर रहे हैक। सेठी ने कहा कि वह एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की अगली बैठक में इन मुद्दों को उठाएंगे। उन्होंने सोमवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमारे सामने जटिल मुद्दे हैं लेकिन जब मैं एसीसी और आईसीसी की बैठकों में जाऊंगा तो मुझे सभी विकल्प खुले रहने होंगे। हमें हालांकि अब स्थिति स्पष्ट कर लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एशिया कप के लिए अपनी टीम को पाकिस्तान नहीं भेजने के भारत के रुख में कोई बदलाव नहीं आया है। पीसीबी हालांकि इस बात पर अडिग है कि अगर भारतीय टीम एशिया कप के लिए उनके देश का दौरा नहीं करेगी तो पाकिस्तान को भी भारत में विश्व कप नहीं खेलने के बारे में सोचना होगा। उन्होंने कहा, मैंने अपने विकल्प खुले रखे हैं क्योंकि जब सभी टीमें



पाकिस्तान आ रही हैं और सुरक्षा को लेकर कोई समस्या नहीं है तो भारत सुरक्षा को लेकर चिंतित क्यों है। मैं आगामी बैठकों में इस बात को बताऊंगा कि अगर भारत को समस्या है तो हमारी टीम को भी भारत में विश्व कप के दौरान सुरक्षा की चिंता है। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और कार्यकारी बोर्ड की बैठक इस महीने हो रही हैं। इस बैठक में सेठी और पीसीबी का प्रतिनिधित्व करने वाले अन्य अधिकारी शामिल होंगे। उन्होंने कहा, जाहिर है हम इस रुख (भारत) का समर्थन नहीं करते हैं क्योंकि हम एशिया कप आयोजित करना चाहते हैं और याद रखें कि यह सिर्फ एशिया कप और विश्व कप के बारे में नहीं है, यह पाकिस्तान में 2025 में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के बारे में भी है। सेठी ने कहा कि वह इस बैठक में जाने से पहले इस मुद्दे पर सरकार की राय भी जानना चाहेंगे।

# बाबर, शाहीन को विश्राम, शादाब करेंगे कप्तानी

**एजेंसी ■ लाहौर**

पाकिस्तान ने कप्तान बाबर आजम और तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी सहित सीनियर क्रिकेटरों को अफगानिस्तान के खिलाफ 24 मार्च से शारजाह में शुरू हो रही तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से आराम दिया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की राष्ट्रीय चयन समिति ने ऑलराउंडर शादाब खान की अगुआई वाली टीम में सलामी बल्लेबाज मुहम्मद रिजवान, हारिस रऊफ और अनुभवी बल्लेबाज फखर जमां को भी शामिल नहीं किया है। टीम में चार नए चेहरों तेज गेंदबाज इहसानुल्लाह, जमान खान और बल्लेबाज तैय्यब ताहिर और सईम अयूब को शामिल किया गया है। इसके अलावा आजम खान, फहीम



अशरफ और इमाद वसीम ने टीम में वापसी की है। टीम इस प्रकार है : शादाब खान (कप्तान), अब्दुल्ला शफीक, आजम खान, फहीम अशरफ, इफ्तिखार अहमद, इहसानुल्लाह, इमाद वसीम, मुहम्मद हारिस, मुहम्मद नवाज, मुहम्मद वसीम जूनियर, नसीम शाह, सईम अयूब, शान मसूद, तैय्यब ताहिर, ज़मान खान। रिजर्व खिलाड़ीः अबरार अहमद, हसीबुल्लाह खान और ओसामा मीर।

# चेन्नई सुपरकिंग्स के एक्स फैक्टर होंगे जडेजा : हरभजन

**एजेंसी ■ मुंबई**

भारत और चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह का मानना है कि स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी टूर्नामेंट में चार बार के चैंपियन सीएसके के लिए एक्स फेक्टर (मैच का रुख बदलने वाला खिलाड़ी) होंगे। घुटने की सर्जरी के कारण कई महीने बाहर रहने के बाद जडेजा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सफल वापसी की और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार टेस्ट की बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत की 2-1 की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पिछले साल उतार-चढ़ाव वाले सत्र के बाद इस अनुभवी ऑलराउंडर से एक बार फिर टीम के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। कई वर्षों तक टीम की कमान संभालने के बाद महेंद्र सिंह धोनी ने जब कप्तानी

> हरभजन ने कहा, इस टीम की सबसे बड़ी ताकत महेंद्र सिंह धोनी है। वह टीम का दिल है। वह टीम को बहुत अच्छी तरह से जानते है।

छोड़ी को जडेजा को पिछले सत्र में यह जिम्मेदारी सौंपी गई। वर्ष 2012 से सीएसके का हिस्सा रहे जडेजा हालांकि कप्तान के रूप में प्रभावित नहीं कर पाए। टीम ने अपने शुरुआती आठ में से छह मैच गंवाए जिसके बाद जडेजा ने पद छोड़ दिया और धोनी ने एक बार फिर कप्तानी संभाली। धोनी 2023 सत्र में भी कप्तान की भूमिका में होंगे। आईपीएल 2023 की शुरुआत 31 मार्च को सुपरकिंग्स और गत चैंपियन गुजरात टाइटंस के बीच मुकाबले के साथ होगी।



हरभजन ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, एक व्यक्ति जिस पर सभी को नजर रखनी चाहिए वह रविंद्र जडेजा हैं, खासकर वह सीएसके के लिए कैसे बल्लेबाजी करते हैं। उसे बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजा जा सकता है और वह चार ओवर भी फेंकेगा। अगर आप इसे विश्व क्रिकेट के नजरिए से देखें तो मुझे नहीं लगता कि उनसे बेहतर कोई ऑलराउंडर है। उन्होंने कहा, मैं आईपीएल में जडेजा को देखने का इंतजार कर रहा हूं। मेरे लिए एक्स फेक्टर रविंद्र जडेजा होंगे क्योंकि वह एक गेंदबाज और एक बल्लेबाज के रूप में इन परिस्थितियों में काफी सफल रहे हैं, वह इतने वर्षों से वहां खेल रहे हैं। इसलिए मेरे लिए वह निश्चित रूप से टीम के लिए एक्स फेक्टर बनने जा रहे हैं। इस पूर्व भारतीय स्पिनर ने कहा कि धोनी टीम का दिल बने हुए हैं। हरभजन ने कहा, इस टीम की सबसे बड़ी ताकत महेंद्र सिंह धोनी हैं। वह टीम का दिल हैं। वह टीम को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं और वह शायद सबसे अच्छे व्यक्ति हैं जो टीम के प्रत्एक खिलाड़ी से सबसे अधिक योगदान ले सकते हैं। उनके अनुसार टीम के लिए बेन स्टोक्स, मोईन अली और डेवोन कॉनवे तथा महेश तीक्षणा जैसे खिलाड़ी आईपीएल 2023 में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। हरभजन ने कहा, सबसे पहले मैं बेन स्टोक्स, मोईन अली का चयन करूंगा, कॉनवे निश्चित रूप से टीम में होगा और पथिराना पर तीक्षणा को तरजीह मिलेगी क्योंकि तीक्षणा चेन्नई में अधिक प्रभावी होंगे। लेकिन अगर मुंबई जैसी जगह पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच होता है तो मैं पथिराना का चयन करूंगा क्योंकि वह काफी हद तक मलिंगा की तरह गेंदबाजी करते हैं और वहां स्पिन बड़ी भूमिका नहीं निभाएगी। उन्होंने कहा, अगर मुझे चार विदेशी खिलाड़ियों का चयन करना है तो वे कॉनवे, बेन स्टोक्स, मोईन अली और तीक्षणा होंगे।

**आईसीसी** — फरवरी माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के नतीजे दिसंबर 2022 के समान : आईसीसी

# ब्रूक आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी बने

**एजेंसी ■ दुबई**

इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने सोमवार को भारत के रविंद्र जडेजा और वेस्टइंडीज के गुडाकेश मोती को पछाड़कर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का फरवरी महीने का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार जीता जबकि ऑस्ट्रेलिया की एशलेग गार्डनर ने महिला वर्ग में बाजी मारी। न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन की बदौलत ब्रूक को दूसरी बार महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। वह पाकिस्तान के बाबर आजम सहित सिर्फ दूसरे खिलाड़ी हैं जिन्होंने दो बार महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता है। हाल में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की खिताबी जीत के दौरान शानदार प्रदर्शन की




बदौलत गार्डनर को दूसरी बार इस पुरस्कार के लिए चुना गया। इससे पहले पिछले साल दिसंबर में भी उन्हें महीने की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। आईसीसी ने विज्ञप्ति में कहा कि फरवरी माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के नतीजे दिसंबर 2022 के समान है और तब भी ब्रूक और गार्डनर ने पहली बार ए पुरस्कार अपने नाम किए थे। गार्डनर को दक्षिण अफ्रीका में महिला टी20 विश्व कप के दौरान खिताब की रक्षा के सफल अभियान के दौरान शानदार प्रदर्शन के लिए पुरस्कार मिला। उन्होंने टूर्नामेंट में नियमित विकेट चटकाने के अलावा महत्वपूर्ण रन भी बनाए और दुनिया की नंबर एक टी20 ऑलराउंडर के रूप में अपना रुतबा

> न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन की बदौलत ब्रूक को दूसरी बार महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। वह पाकिस्तान के बाबर आजम सहित सिर्फ दूसरे खिलाड़ी हैं जिन्होंने दो बार महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता है।

बढ़ाया। गार्डनर को टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुना गया। ब्रूक को भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों में अच्छे प्रदर्शन के बाद दूसरी बार इस पुरस्कार के लिए चुना गया। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में इंग्लैंड की ओर से शानदार प्रदर्शन किया। मीडिया प्रतिनिधियों, हॉल ऑफ फेम में शामिल खिलाड़ियों, पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों और आईसीसी-क्रिकेट. कॉम पर पंजीकृत प्रशंसकों के बीच वैश्विक मतदान के बाद गार्डनर और ब्रूक को विजेता घोषित किया गया। गार्डनर ने कहा, टी20 विश्व कप एक शानदार टूर्नामेंट था और न्यूलैंड्स में खचाखच भरे स्टेडियम में फाइनल में मेजबान दक्षिण अफ्रीका से खेलना एक अविश्वसनीय अनुभव था। हमारी ऑस्ट्रेलियाई टीम भाग्यशाली है कि उसमें कई विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं। मुझे खुशी है कि मैं विश्व कप के दौरान अपनी टीम की सफलता में योगदान देने में सक्षम रही। पुरस्कार के लिए चुने जाने के बाद ब्रूक ने कहा, साल की शुरुआत काफी अच्छी रही है और मुझे उम्मीद है कि हम एशेज और भारत में 50 ओवरों का विश्व कप जीत पाएंगे और मैं दोनों टीम का हिस्सा रहूंगा।

# ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों के सामने कड़ी चुनौती

**एजेंसी ■ बर्मिंघम**

चोट से वापसी कर रहे और खराब फार्म से जूझ रहे भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को मंगलवार से यहां शुरू हो रही ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में खिताब के लिए देश का इंतजार खत्म करने के लिए पूरे दमखम के साथ खेलना होगा। किसी भारतीय खिलाड़ी को इस प्रतिष्ठित खिताब को जीते हुए 22 साल हो गए हैं। पुलेला गोपीचंद (2001) ने महान प्रकाश पादुकोण (1980) का अनुसरण किया था और यह खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय बने थे। लक्ष्य सेन पिछले सत्र में और साइना नेहवाल 2015 में फाइनल में पहुंचे थे लेकिन वे खिताब के सूखे को खत्म करने में विफल रहे। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू इस टूर्नामेंट




में सेमीफाइनल की बाधा को पार नहीं कर सकी। भारतीय खिलाड़ियों के लिए परिस्थितियां इस बार भी मुश्किल होगी। सेन और सिंधू दोनों चोट के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रहने के बाद वापसी पर नए सत्र की खराब शुरुआत की है। दोनों मलेशिया और इंडिया ओपन में जल्दी बाहर हो गए थे। विश्व रैंकिंग में 12वें स्थान पर काबिज सेन जर्मनी ओपन के पहले दौर में दुनिया के 41वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव से करारी शिकस्त के बाद इस टूर्नामेंट में उतर रहे हैं जबकि सिंधू अपने कोरियाई कोच पार्क ताए-संग से कुछ सप्ताह पहले ही अलग हुई है। सेन के सामने शुरुआती दौर में पांचवीं वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चाउ टिएन चेन की चुनौती होगी जबकि सिंधू चीन की झांग ई मान से भिड़ेंगी।

टिप्स

# ...तो बेजान बालों में फिर से आएगी जान

हर मौसम में बालों को उचित देखभाल की जरूरत होती है। कई बार रुखे बाल परेशानी का सबब भी बन जाते हैं। ऐसे में बालों की ऑयलिंग और कंडीशनिंग के अलावा भी उन्हें एक्स्ट्रा केयर चाहिए होती है। अगर आप भी चाहते हैं कि हर मौसम में आपके बाल हेल्दी हों तो आप फ्रूट मास्क का इस्तेमाल कर सकती हैं। फ्रूट मास्क की मदद से बालों को उचित पोषण मिलता है। साथ ही यह हेयर मास्क घर पर भी आसानी से बनाकर तैयार किया जा सकता है।



**दही और संतरा**

दही और संतरे का हेयर मास्क आपके बालों को पोषण देने के साथ ही आपके बालों को चमकदार बनाने में सहायता करता है। इस हेयर मास्क के जरिए आप अपने बालों की अच्छे से देखभाल कर सकते हैं।

**ऐसे बनाएं**

सबसे पहले आपको 1 सप्ताह पुराना खट्टा दही लेना है। बता दें कि खट्टा दही बालों के लिए काफी लाभकारी होता है। संतरे के बीज और छिलका हटाकर उसके पल्प को अलग कर लें। फिर संतरे के पल्प और दही को अच्छे से मिक्स करके उसमें ऑलिव ऑयल मिला लें। अब इस मिक्सचर को बालों की जड़ों से लेकर लेंथ तक अच्छे से लगाएं। हेयर मास्क को किसी चीज से कवर कर लें। इस हेयर मास्क को 1 घंटे तक लगाने के बाद बालों को धो डालें। सप्ताह में एक बार इस हेयर मास्क के इस्तेमाल करने से आपको फर्क नजर आएगा।

**फायदा**

दही बालों की डीप कंडीशनिंग करता है और संतरे में भरपूर मात्रा में विटामिन डी पाया जाता है। इन दोनों को मिलाकर तैयार हुए हेयर पैक से बालों में शाइन और स्मूदनेस देने का काम करते हैं।

**स्ट्रॉबेरी और अंडे का पैक**

इस पैक को बनाने के लिए 10 से 15 स्ट्रॉबेरीज को मिक्सर की मदद से पतला पेस्ट बनाकर तैयार कर लें। इसके बाद अंडे का 1 पीले हिस्से को निकाल कर अच्छे से फेट लें। फिर अंडे के पीले हिस्से के पेस्ट और स्ट्रॉबेरी के पेस्ट को मिक्स कर उसमें रोजमेरी एसेंशियल ऑयल मिला लें। अगर आप इसका और अच्छा रिजल्ट पाना चाहते हैं तो इस पैक में आप 1 चम्मच शहद और 1 चम्मच गुलाबजल भी मिला सकते हैं। फिर इस हेयर पैक को बालों पर अप्लाई कर लें। हेयर पैक को 30 मिनट लगाने के बाद धो दें।

**फायदा**

अंडे में प्रोटीन की मात्रा पाई जाती है जो बालों को रिपेयर यानि की मजबूत बनाने का काम करता है। वहीं स्ट्रॉबेरी में एंटीऑक्सीडेंट्स पाया जाता है। वहीं शहद और गुलाबजल बालों को मॉइश्चराजिंग देता है। जिससे बालों का रूखापन दूर होता है।

**पपीते और नारियल का तेल**

इस हेयर पैक को बनाने के लिए पपीते का स्मूद पेस्ट बनाकर तैयार कर लें। पेस्ट में नारियल का सतेल और शहद मिलाएं और फिर इसको बालों की जड़ों और लेंथ में अच्छे से अप्लाई करें। घर पर बनाएं हुए इस मास्क को 30 मिनट लगाने के बाद धो दें। सप्ताह में एक बार आप इस हेयर पैक का इस्तेमाल कर अपने बालों में नई जान डाल सकते हैं।

**फायदा**

पपीता बालों के रूखेपन को दूर कर उन्हें नरिश करने का काम करता है। वहीं नारियल का तेल बालों को जड़ों से मजबूती प्रदान करता है। जिससे आपके बालों की शाइन बढ़ती है।

फैशन

# सगाई के दिन सुंदर कैसे दिखें

सगाई के मौके पर हर लड़की खूबसूरत नजर आना चाहती है। लेकिन कई बार खूबसूरत दिखने के चक्कर में लड़कियां अपने लुक्स को लेकर बहुत सारी गलतियां कर देती हैं। जिसके बाद उन्हें बाद में पछताना पड़ता है। कई बार सामने से यह गलतियां न दिखकर फोटो में साफ नजर आती हैं। तब उन्हें पता चलता है कि उनके लुक्स में कहां कमी रह गई। अगर आपकी भी जल्द सगाई होने वाली है तो आप भी अपने लुक को लेकर यग गलती न करें। आइए जानते हैं कि इस दौरान किन चीजों का ख्याल रखना जरूरी होता है।

## फेशियल

कई बार जल्दबाजी या समय की कमी होने पर लड़कियां सगाई के फंक्शन वाले दिन ही फेशियल करवाती हैं। लेकिन ऐसा नहीं करना चाहिए। किसी खास फंक्शन से करीब 2-3 दिन पहले फेशियल को करवा लेना चाहिए। वहीं कई बार डीप क्लीनिंग के कारण आपके चेहरे पर एक्ने या फिर रेडनेस आ जाती है। ऐसे में अगर आप फंक्शन के 2 से 3 दिन पहले फेशियल करवाती हैं तो यह समय आपके चेहरे को नॉर्मल होने में मदद करता है। ऐसे में अगर आप भी सेम डे फेशियल करवाने की सोच रही हैं तो फंक्शन के दौरान चेहरे पर आए एक्ने या रेडनेस को छिपाना मुश्किल हो जाएगा।

## घरेलू नुस्खे

लड़कियों को सगाई या किसी खास फंक्शन वाले दिन कोई भी नया नुस्खा ट्राई करने से बचना चाहिए। भले ही आपको दादी-नानी के बताए नुस्खे कितने ही अच्छे क्यों न लगें। लेकिन इस दिन आपको अपने चेहरे पर कुछ भी ट्राई करने से बचना चाहिए। क्योंकि अगर आपने कोई नया नुस्खा ट्राई किया और कोई चीज का चेहरे पर रिएक्ट कर गई तो इसका सीधा असर आपके फेस पर नजर आएगा। वहीं मेकअप भी इस समस्या से आपको निजात नहीं दिला सकेगा। इसलिए कोई भी नया नुस्खा ट्राई नहीं करना चाहिए।

## नए मेकअप

खास दिन के लिए खास मेकअप आपके लुक को और भी ज्यादा खूबसूरत बनाता है। लेकिन सगाई या किसी खास फंक्शन के दिन आप जो भी मेकअप पहले से इस्तेमाल करती आई हैं, उसी को फंक्शन वाले दिन भी यूज करें। क्योंकि अगर आपने कोई नया प्रोडक्ट अपने चेहरे पर इस्तेमाल किया तो हो सकता है वह आपके स्किन कलर से मैच न खाता हो। इससे आपका लुक काफी बेहार हो सकता है। इसलिए पहले से इस्तेमाल कर रहे मेकअप प्रोडक्ट्स को ही स्पेशल दिन में भी यूज में लाएं।



## बॉडी मेकअप

पको अक्सर देखा होगा कि बॉलीवुड डीवा की स्किन टोन एक जैसी नजग आती है। बता दें कि इसके पीछे उनके बॉडी मेकअप का कमाल रहता है। जिस फाउंडेशन को चेहरे पर यूज किया जाता है, उसी को बाकी बॉडी पर भी लगाया जाता है। इससे जब फोटो ली जाती है तो स्किन टोन एक सी नजर आता है। ऐसे में अगर आप सिर्फ चेहरे और गर्दन पर मेकअप का यूज करेंगी तो स्किन फर्क फोटो में साफ नजर आएगा। इसलिए आप भी बॉडी मेकअप कराना न भूलें।

## हेयर स्टाइल

किसी भी फंक्शन और ड्रेस के हिसाब से हेयर स्टाइल चुनी जानी चाहिए। लेकिन कई बार लड़कियां बॉलीवुड एक्ट्रेस या फिर सैलून वाली के कहने पर अपना हेयर स्टाइल करवाती हैं। जो कई बार गलत हो जाती है। इसलिए हेयर स्टाइल स्टाइलिश होने के साथ हील आपके फेस पर भी सूट होनी चाहिए। ऐसा नहीं होने पर आपका फेस काफी अजीब लग सकता है।

# साड़ी में दिखें बोल्ड और ब्यूटीफुल

अगर आप भी कहीं किसी पार्टी में साड़ी पहनने का सोच रहीं हैं तो हमारा ये लेख आपके लिए मददगार साबित हो सकता है। दरअसल, हर किसी को अपने शरीर के हिसाब से ही साड़ी का चयन करना चाहिए। आज के लेख में हम आपको इसी बारे में बताने जा रहे हैं कि आखिर किस तरह से साड़ी पहनकर आप महफिल में छा सकती हैं। साड़ी पहनते समय कुछ बातों का ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है ताकि आप उसमें कंफर्टेबल भी रहें और खूबसूरत भी दिखें।



**फिगर के अनुसार करें साड़ियों का चयन**

अगर आपका फिगर स्लिम है तो कॉटन, टिशू, टशर सिल्क फैब्रिक की साड़ियां आप पर बेहद खूबसूरत दिखेंगी। इन्हें पहनकर आप ज्यादा पतली भी नहीं लगेंगी। वहीं दूसरी तरफ अगर आप थोड़ी मोटी हैं तो शिफॉन, क्रेप, जॉर्जेट कपड़े की साड़ी पहनें। इसमें आप दुबली लगेंगी।

**साड़ी लेते समय रखें लंबाई का ध्यान**

साड़ी लेते समय अपनी लंबाई का खास ध्यान रखें। दरअसल, बड़े प्रिंट वाली और चौड़े बॉर्डर वाली साड़ियों से लंबाई कम लगती है। अगर बहुत अधिक लंबी महिलाएं इन्हें पहनेंगी तो उनका कद कम लगेगा। वहीं छोटे कद की महिलाएं बिना बॉर्डर या पतले बॉर्डर की साड़ियां ही पहनें जिससे उनका कद थोड़ा अधिक लगेगा।

**खुद बनाएं अपना अलग स्टाइल**

अगर आप हर रोज साड़ी पहनती हैं तो अपना स्टाइल खुद क्रिएट करें। अगर आपका शरीर भारी है तो साड़ी के भीतर स्ट्रेट कट और बिना कली के पेटीकोट पहनें जिससे साड़ी की फिटिंग अच्छी होगी और आप पतली लगेंगी। अगर आपको ऑफिस में साड़ी पहनना पसंद है तो हमेशा हल्के रंग की ही साड़ी पहनें। साड़ी पहनते समय प्लेट्स का खास ध्यान रखें।

**रंग के हिसाब से खरीदें साड़ी**

हमेशा अपने रंग के हिसाब से ही साड़ी का चयन करना चाहिए। ऐसा देखा जाता है कि गोरी महिलाओं पर साड़ी के गाढ़े रंग अधिक खिलते हैं जबकि दबे रंग की महिलाओं के लिए हल्के रंग की साड़ियां बेहतर लगती हैं।

टिप्स

# नवरात्र पर लगाएं खूबसूरत मेहंदी



त्योहार कोई भी हो, लड़कियां मेहंदी लगाना नहीं भूलती। नवरात्र भी ऐसा त्योहार है। हर घर में मां दुर्गा के स्वागत की तैयारी की जाती है। जगह-जगह पर घट स्थापना की जाती है। लोग माता के स्वागत को कई काम करते हैं। इसी क्रम में महिलाएं और लड़कियां अपने हाथों में मेंहदी लगाती हैं। ऐसी मान्यता है कि मेहंदी लगाने से घर में सकारात्मकता आती है, इसी के चलते लड़कियां हर त्योहार पर मेहंदी लगाती हैं। आइए जानते हैं आप क्या करें।

## हाथों पर माता की फोटो

अगर आप चाहें तो अपने सीधे हाथ पर देवी मां की प्रतिमा का डिजाइन बना सकती हैं और कलाई पर देवी मां का कोई मंत्र लिख सकती है।

## अरेबिक मेहंदी

अगर आपको मेहंदी लगवाने का शौक है, पर आप मेहंदी लगवाने के लिए ज्यादा देर तक बैठ नहीं सकतीं तो आप अपने हाथ में अरेबिक मेहंदी लगवा सकती हैं। ये देखने में भी काफी सुंदर लगती है, साथ में जल्दी भी लग जाती है।

## भरे हाथ की मेहंदी

अगर आप भरे हाथ मेहंदी लगवाकर माता रानी की पूजा करती हैं, तो इससे वो बेहद खुश होती हैं। इसको लगवाने में थोड़ा समय लगता है। पर जब हाथ रच जाते हैं तो ये मेहंदी बहुत प्यारी लगती है।

## फ्लोरल मेहंदी

फूल-पत्तियों वाली डिजाइन तो वैसे भी एवरग्रीन है। आप नवरात्रि के लिए इस तरीके की मेहंदी भी लगवा सकती हैं। ये देखने में भी काफी खूबसूरत दिखती है।

## बैक साइड मेहंदी

अगर आप चाहें तो हाथों के पीछे की तरफ ही मेहंदी की डिजाइन बनवा सकती हैं। ये भी देखने में बेहद प्यारी लगती है।

# चेहरे पर कुछ भी नहीं लगाएं, होगी परेशानी



अक्सर हम सभी अपनी स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग बनाने के लिए कई तरह के प्रयोग करते हैं। वहीं धूल, धूप और डार्कनेस आदि से चेहरे को बचाने के लिए किए गए उपायों से कई बार नई मुसीबत तैयार हो जाती है। चेहरे पर नए-नए प्रयोग करने से कई बार कुछ चीजों से एलर्जी हो जाती है। जिसके कारण स्किन हेल्दी और ग्लोइंग होने की जगह रैशेज, खुजली, पिम्प्लेस, पैचेज और एक्ने आदि की समस्या हो जाती है।

**नींबू का रस**

यदि आप भी नींबू के रस का चेहरे पर इस्तेमाल करते हैं तो आपको सावधान होने की जरूरत है। क्योंकि इससे आपको स्किन रिलेटेड कई सारी समस्याएं हो सकती हैं। नींबू के रस का चेहरे पर इस्तेमाल किए जाने से रैसज, पिम्पल्स, डार्क स्पॉट्स जैसी समस्याएं होना शुरू हो सकती हैं। हालांकि आप फेसपैक में नींबू के रस का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आपको कोई परेशानी नहीं होगी। साथ ही यह स्किन से रिलेटेड कई समस्याओं से निजात भी दिलाता है।

**बॉडी लोशन**

आपने कई बार देखा होगा कि कई लोग फेस पर बॉडी लोशन का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन शायद आपको इस बारे में पता हो कि बॉडी लोशन चेहरे पर लगाने से पिम्पल्स और रैसेज जैसी कई समस्याएं हो सकती हैं। बता दें कि बॉडी लोशन का टेक्सचर गाढ़ा होने के कारण यह आपके फेस पर कील, मुंहासे आदि निकल सकते हैं। इसलिए भूलकर भी फेस पर बॉडी लोशन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

**नीम या ग्रीन टी**

जिन लोगों की स्किन सेंसिटिव होती है, उन्हें अपने फेस पर ग्रीन टी या फिर नीम का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। ग्रीन टी या नीम के इस्तेमाल से आपके चेहरे पर रैसेज की समस्या हो सकती है। साथ ही इससे आपकी स्किन रूखी और ड्राई भी हो सकती है। इसलिए आपको अपने फेस पर ग्रीन टी या नीम का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

**रबिंग एल्कोहल न लगाएं**

इसके अलावा फेस पर कबिंग एल्कोहल नहीं लगाना चाहिए। इसके इस्तेमाल से आपकी त्वचा को काफी सारा नुकसान हो सकता है। हालांकि आप छोटे-मोटे घाव को ठीक करने के लिए रबिंग एल्कोहल का इस्तेमाल कर सकते हैं। लेकिन रबिंग एल्कोहल का इस्तेमाल फेस पर करने से बचना चाहिए, नहीं तो आप खूबसूरत दिखने की जगह लुक को खराब कर बैठेंगी।

# कपड़ों से कैसे निकलेंगे दाग

**अगर लड़कियों से पूछा जाए कि उन्हें पीरियड्स की सबसे खराब बात क्या लगती है? तो ज्यादातर का जवाब होगा-दर्द और दाग। इन दोनों चीजों की वजह से अपनी पसंद के कपड़े तक पहनना मुश्किल हो जाता है। अगर आप भी पीरियड्स के दिनों में दाग लगने के डर से सिर्फ डार्क कपड़ा ही पहनती हैं, तो करें कुछ उपायों पर अमल-**

## तुरंत साफ करें

दाग लगते ही इसे साफ करने के उपाय कर लेना बहुत फायदेमंद होता है। इससे दाग को हटाने के लिए ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ती है। ऐसे में यदि पीरियड्स के खून कपड़े में लगते ही यानी कि जब यह गीला रहता है, देख लेते हैं तो इसे नल के नीचे चलते पानी में हाथों से रगड़ कर साबून से साफ कर सकते हैं।

## सफेद जींस में लगे दाग हो जाएंगे गायब

सफेद जींस या कपड़ों से दाग निकालने के लिए हाइड्रोजन पेरोक्साइड या कुछ नींबू का रस यूज कर सकते हैं। हालांकि यदि बारीकी से निगरानी न की जाए तो ये रंगों को ब्लीच कर सकते हैं, इसलिए इन्हें बहुत कम मात्रा में डालना चाहिए। कपड़े को 30 मिनट के लिए ठंडे पानी के सिंक में भिगो दें, फिर हाइड्रोजन पेरोक्साइड या एक नींबू के रस की कुछ बूंदें डालें। और 30 मिनट के लिए छोड़ दें फिर अपने कपड़े को निचोड़ लें और मशीन में ठंडे पानी से धो लें।

## सूखे खून के दाग हटाने के तरीके

पुराने, सूखे खून के दागों को भी आसानी से हटाया जा सकता है। इन जिद्दी दागों को ढीला करने के लिए पहले आपको कुछ अनसीजंड मीट टेंडराइज की आवश्यकता होगी। इसे आप आसानी से किराने की दुकानों से खरीद सकते हैं। यह न मिले तो इसकी जगह सिरका भी यूज कर सकते हैं।

अब सबसे पहले कपड़े को ठंडे पानी में 1 घंटे के लिए भिगो दें, फिर एक चम्मच टेंडराइज या सिरके को दाग पर रगड़ें। यदि आप सफेद सिरके का उपयोग कर रहे हैं, तो इसमें थोड़ा पानी मिला लें। अब कपड़े को 30 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर इसे निचोड़ लें और वॉशिंग मशीन में कोल्ड वॉश कर लें।



## रंगीन कपड़ों पर लगे खून के दाग ऐसे होंगे साफ

कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपकी चादर या कपड़े कितने रंगीले हैं। आप इस पर लगे खून के दागों को सिर्फ केवल नमक और ठंडे पानी से साफ कर सकते हैं।

इसके लिए गाढ़ा होने तक 1 पानी में 1 भाग नमक मिलाएं। दाग को ठंडे पानी में भिगोएं और फिर अपने नमक के स्क्रब से दाग को साफ करने के लिए एक पुराने टूथब्रश का उपयोग करें। अब इसे वॉशिंग मशीन में ठंडे पानी में धो लें। आप इसे हाथ से भी धो सकते हैं।

## बेकिंग सोडा से निकालें जिद्दी दाग

आमतौर पर हर किचन में बेकिंग सोडा का यूज किया जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं, यह कपड़ों में लगे जिद्दी दाग को भी हटाने का काम करता है। इससे आप कपड़ों में लगे पीरियड्स के खून के दाग भी आसानी से निकाल सकते हैं।

इसके लिए आप बस 2 चम्मच बेकिंग सोडा को 2 चम्मच ठंडे पानी में मिलाएं, फिर दाग पर अच्छे से लगा लें। 30 मिनट के लिए या सूखने तक छोड़ दें, फिर पुराने टूथब्रश से इसे स्क्रब करें। अब इसे मशीन में नॉर्मल वॉश करने के लिए डाल दें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक अशोक कुमार द्वारा राज तरूण आफसेट, एलजीएफ 5-14, अंसल सिटी सेंटर, निकट यूपी प्रेस क्लब, हजरतगंज, लखनऊ से मुद्रित तथा ग्राम भुसना, पोस्ट भुसना, तहसील महमूदाबाद जनपद सीतापुर (उ0प्र0) से प्रकाशित। **सम्पादक : अशोक कुमार** (मो. 9651086162) । इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न सभी विवाद सीतापुर न्यायालय के आधीन होंगे।